आगे बढ़ना

2023 Teradata Corporation आचार संहिता

सामग्री तालिका

सबसे महत्वपूर्ण बात: सत्यनिष्ठा महत्वपूर्ण क्यों है

अध्यक्ष और सीईओ का पत्र
मुख्य नैतिकता, अनुपालन एवं निजता अधिकारी का पत्र

संहिता का समर्थन करना

किसे संहिता का पालन अवश्य करना चाहिए?
हमारी आचार संहिता प्रतिबद्धताएँ
नैतिक निर्णय लेने के लिए संहिता का उपयोग करना
मार्गदर्शन खोजना और उल्लंघनों की रिपोर्ट करना
गैर-प्रतिशोध
प्रबंधकों के विशेष उत्तरदायित्व

एक होकर आगे बढना

विविधता, निष्पक्षता और समावेशन
शून्य-भेदभाव एवं शून्य-उत्पीड़न
हितों के टकराव की स्थिति से बचना
कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य
कंपनी की संपत्तियों का उपयोग

जनता तक अपनी पहुंच को विस्तार देना

सटीक रिकॉर्ड्स बनाए रखना
सोशल मैसेजिंग, आईटी और नेटवर्क सिस्टम
इनसाइडर ट्रेडिंग
बाह्य कंपनी संचार
राजनीतिक एवं परोपकारार्थ गतिविधियाँ

हमारी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करना

रिश्वतखोरी एवं भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता
आयात और निर्यात अनुपालन
उपहार और मनोरंजन
पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा अनुपालन
सामाजिक उत्तरदायित्व

नवाचार का अनुसरण करना

स्वामित्वाधीन एवं गोपनीय जानकारी
तृतीय बौद्धिक संपदा
Teradata Certified Professional Programs
डेटा सुरक्षा

हमारे उद्योग को बढ़ाकर सबसे आगे ले जाना

उचित रूप से प्रतिस्पर्धा
औद्योगिक संघों और ट्रेड शो में भाग लेना
ग्राहकों के साथ उचित रूप से व्यवहार
बाज़ार की शक्ति का दुरूपयोग न करना
व्यावसायिक ज्ञान

नैतिकता और अनुपालन संपर्क और संसाधन

Teradata में हम डेटा की शक्ति के माध्यम से व्यापारों के कार्य करने और लोगों के जीने का तरीका बदलते हैं—और इस तरह हम अपने ग्राहकों और हमारी दुनिया को आगे बढ़ने में सक्षम बनाते हैं. Teradata आचार संहिता, आचरण के उन मानकों का सारांश है जो हमें और भी आगे बढ़ने में मदद करने के लिए Teradata के सभी व्यक्तियों और टीमों के लिए आवश्यक हैं. यह संहिता हमें यह समझने में सहायता करती है कि हमारे कार्य में शामिल कानूनी और नैतिक उत्तरादायित्वों का पालन कैसे करें. यह हर व्यक्ति के द्वारा पालन किए जाने वाले स्पष्ट और सुसंगत नियमों की स्थापना करने में भी Teradata की सहायता करती है.

teradata.

यह संहिता केवल एक सामान्य अवलोकन है. आपको संहिता और अन्यत्र Teradata संचार में संदर्भित कई नीतियाँ मिलेंगी. ये नीतियां हमारी आवश्यकताओं की अधिक विस्तार से स्थापना करती हैं. हम संदिग्ध उल्लंघनों की रिपोर्ट करने की रूपरेखा का भी वर्णन करते हैं. आपको कोई भी कार्य करने से पहले निसंकोच होकर प्रश्न पूछना चाहिए, ताकि आपको हमारी संहिता, हमारी नीतियों या कानूनी आवश्यकताओं का पालन करने के बारे में पहले से ही स्पष्ट जवाब मिल सके. आचार संहिता को ग्राहक और बाज़ार द्वारा प्रेरित कंपनी होने, निष्पादन में चपलता, और एक-दूसरे के प्रति जवाबदेही के हमारे मूल सिद्धांतों की संगति में लागू किया जाना चाहिए.

हमारी **संहिता संपूर्ण विश्व में Teradata के सभी कर्मचारियों और संगठनों पर लागू होती है.** इस दस्तावेज़ में, “Teradata” से तात्पर्य पूरे विश्व में Teradata Corporation और उसकी सभी सहायक कंपनियाँ, सहयोगी, व्यावसायिक संगठन, संचालन और टीमें हैं. Teradata "सहयोगियों" में Teradata के सभी कर्मचारी, स्वतंत्र ठेकेदार, उप-ठेकेदार, अस्थायी कर्मचारी, एजेंट, प्रतिनिधि, अधिकारी, और निदेशक मंडल के सदस्य शामिल हैं.

Teradata "व्यवसायिक भागीदारों" में Teradata के सभी आपूर्तिकर्ता, विक्रेता, पुनर्विक्रेता, वितरक, गठबंधन भागीदार, सेवा प्रदाता, और अन्य तृतीय पक्ष शामिल हैं जिनके साथ Teradata व्यवसाय संचालित करता है या संचालित करने का प्रस्ताव देता हैं. Teradata के “लोग” तात्पर्य पूरे विश्व में सभी Teradata “सहयोगियों” और सभी Teradata “व्यवसायिक भागीदारों” से हैं.

किसी उल्लंघन की सूचना देने या नैतिकता अथवा अनुपालन संबंधी समस्या का खुलासा करने के लिए **Teradata नैतिकता सहायता केंद्र से** 1-866-455-0993 पर संपर्क करें, या www.integrity-helpline.com/tdhelp.jsp पर आएं.

सबसे महत्वपूर्ण बात: सत्यनिष्ठा महत्वपूर्ण क्यों है

नैतिकता और अनुपालन Teradata पर सबसे पहली प्राथमिकता हैं

Teradata हमारे अभियान यानि डेटा की शक्ति के माध्यम से व्यापारों के कार्य करने और लोगों के जीने के तरीके को बदलना, को पूरा करने के लिए संपूर्ण कंपनी में बदलाव की हमारी गति को बढ़ा रही है.

जब हम अपनी रणनीति को कार्यान्वित करते हैं और संपूर्ण संगठन में सुधार करते हैं, तो ऐसे में हमें नैतिकता, अनुपालन, विश्वास और सत्यनिष्ठा की हमारी शीर्ष प्राथमिकताओं का समर्थन करना जारी रखना चाहिए.

नैतिकता और अनुपालन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने और उसे हासिल करने में मदद के लिए, हमने अपनी आचार संहिता की घोषणा की है और उसे संचारित किया है. इन सिद्धांतों और मानकों के अनुसार, Teradata के लोगों से कंपनी के नियंत्रणों, नीतियों और हमारी आचार संहिता का पालन करने की अपेक्षा की जाती है—जो हमेशा से सही तरीके से सही कार्य करने के लिए अत्यावश्यक है. हमारी संहिता का अनुपालन करना भी हमारे समुदाय और हमारी दुनिया में अर्थपूर्ण योगदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का एक भाग है.

हमारी आचार संहिता सभी के द्वारा पालन किए जाने के लिए स्पष्ट और सुसंगत नियम प्रदान करती है, यह सुनिश्चित करने में मदद करती है कि हम सुरक्षित ढंग से, ईमानदारी से, और कानूनी ढंग से प्रचालन करें, और Teradata को कार्य करने की एक अच्छी जगह बने रहने में मदद करती है. सशक्त नैतिकता हमें प्रतिस्पर्धात्मक लाभ भी प्रदान करती हैं. ये उन मुख्य कारण में से एक हैं जिनसे ग्राहक हमें एक विश्वसनीय सलाहकार के रूप में देखते हैं और हम वर्तमान कर्मचारियों और भावी प्रतिभाओं के लिए पसंदीदा नियोक्ता हैं.

हमारी कार्यकारी नेतृत्व टीम ने Teradata नैतिकता व अनुपालन कार्यक्रम को दुनिया में सर्वोत्तम और सर्वाधिक प्रभावी होने की चुनौती दी है. जब सत्यनिष्ठा, नैतिकता और अनुपालन के बारे में बात की जाती है तो Teradata के प्रबंधक और टीम लीडर्स ने सही आचरण और उदाहरण स्थापित किए हैं. हम व्यक्तियों को हमारे उच्च मानकों के लिए जवाबदेह भी ठहराते हैं, और अनुपालन के उल्लंघनों पर तेज़ी से एवं निर्णायक कार्रवाई करते हैं.

Teradata के निदेशक मंडल और वरिष्ठ नेतृत्व के लिए सत्यनिष्ठा भी शीर्ष प्राथमिकता है. Teradata निदेशक मंडल के सदस्य, अधिकारी और वरिष्ठ कार्यकारी – जिनमें मैं शामिल हूं – उसी आचार संहिता के तहत उत्तरदायी हैं जो हमारे कर्मचारियों पर लागू होती है, और हमें उन्हीं उच्च मानकों पर ज़िम्मेदार ठहराया जाता है. आचार संहिता में निहित सिद्धांत और मान्यताएं हमारी रणनीति और निर्णयों का मार्गदर्शन करते हैं. कंपनी के नेतृत्वकर्ता होने के नाते, हमें जवाबदेही के और भी ऊंचे मानक ज़िम्मेदार माना जाता है.

मुझे मालूम है कि मैं हमारी Teradata टीम पर उनके द्वारा किए जाने सभी प्रयासों में उनसे सत्यनिष्ठा के उच्च स्तर को बनाए रखने के लिए भरोसा कर सकता हूँ. हमारी टीम के पिछले कार्य प्रदर्शनों ने Teradata को लगातार कई सालों से हर बार विश्व की सबसे नैतिक कंपनी पुरस्कार हासिल करने में सक्षम बनाया है. चूंकि, हम अपनी कंपनी में बदलाव ला रहे हैं, इसलिए मैं Teradata से जुड़े हर कार्य में आचार संहिता को बनाए रखने के लिए व्यक्तिगत रूप से वचनबद्ध होने के लिए हमारी टीम के प्रत्येक सदस्य और सहयोगियों के समुदाय और आपूर्तिकर्ताओं को आमंत्रित करता हूं. नैतिक निर्णय लेने में हमारी आचार संहिता का उपयोग एक मार्गदर्शक के रूप में करें. इसे पढ़ें, समझें कि यह आपकी जॉब पर किस तरह लागू होती है, और इसकी मदद लें – अक्सर.

मैं जानता हूँ कि आप Teradata पर हमारी और हमारे काम की बुनियाद बनाए रखने के लिए नैतिकता और अनुपालन को कायम रखना सुनिश्चित करने में मेरा साथ देंगे.

स्टीव मैकमिलन
अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी
Teradata Corporation

सत्यनिष्ठा, नैतिकता और अनुपालन Teradata में कार्य करने वाले हर व्यक्ति के कार्य का मुख्य भाग हैं.

Teradata के मुख्य नैतिकता, अनुपालन एवं निजता अधिकारी के रूप में कार्य करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है और मुझे गर्व है कि लगातार कई वर्षों में Teradata को "दुनिया की सबसे नैतिक कंपनियों" में से एक का सम्मान मिला है और वह उच्च नैतिकता एवं सत्यनिष्ठा वाली एक कंपनी के रूप में अन्य कई सम्मान पा रही है.

Teradata नैतिकता व अनुपालन कार्यालय कंपनी के नैतिकता, अनुपालन एवं निजता कार्यक्रम का व्यवस्थापन देखता है और उसे बेहतर बनाने के प्रयास लगातार करता रहता है, वह एक नैतिक और विधिक अनुपालक कंपनी के रूप में Teradata के प्रदर्शन के संकेतकों पर नज़र रखता है और उनकी सूचना देता है.

हालांकि, हर Teradata सहयोगी और Teradata टीम द्वारा हर दिन निष्पादित और उत्पादित परिणाम ही हमारी उपलब्धियों की वास्तविक कुंजी हैं, और हमें भविष्य के लिए लगातार आगे बढ़ते रहने का प्रयास करना होगा. यह याद रखें कि एक भी चूक हमारे द्वारा हासिल उपलब्धियों और भविष्य में मिलने वाले उपलब्धियों की संभावना को कम कर सकती है.

मैं आपको Teradata के नैतिकता, अनुपालन एवं निजता कार्यक्रम और परिणामों में लगातार सुधार करने के लिए नैतिकता व अनुपालन कार्यालय की प्रतिबद्धता देता हूं, और यह आग्रह करता हूं कि सभी Teradata सहयोगी भी ऐसा ही करें.

Teradata को एक बड़ी कंपनी बनाने और काम करने के लिए सबसे अच्छी जगह बनाने और "विश्व की सबसे नैतिक कंपनियों" में से एक कंपनी बनाने में आपकी मदद के लिए धन्यवाद.

जोनैथन स्टील
मुख्य नैतिकता, अनुपालन, और निजता अधिकारी
Teradata Corporation

संहिता का समर्थन करना

हमारी आचार संहिता बताती है कि Teradata हमारे सहयोगियों, व्यापार साझेदारों और वृहत्तर टीम से क्या अपेक्षाएं रखती है. हम पर सही कार्य करने का भरोसा जताया गया है. हम काम करने से पहले सवाल पूछते हैं और जवाब हासिल करते हैं, और गलत के विरूद्ध खड़े होकर विश्वास जीतते हैं. हम Teradata की प्रतिष्ठा को ग्राहकों के लिए समर्पित, भावुक कंपनी के रूप में कायम रखते हैं, जो व्यवसाय को स्मार्ट और सही तरीके से करती है. और जैसे-जैसे हम विश्वास अर्जित करते हैं, हम हमारी कंपनी, हमारे शेयरधारकों, हमारे व्यावसायिक भागीदारों, हमारे समुदायों और हमारे ग्राहकों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करना जारी रखते हैं.

यदि कुछ सही नहीं महसूस होता है, सही नहीं लगता है, सही नहीं दिखता है या सही प्रतीत नहीं होता है, तो हमें इसके बारे में प्रश्न करना चाहिए. यदि हमारी संहिता और नीतियाँ स्पष्ट रूप से किसी चिंता का समाधान नहीं कर पाती हैं, तो हमें अन्य स्रोतों से मार्गदर्शन लेना चाहिए. हमें हमेशा सही कार्य करके विश्वास अर्जित करना चाहिए और उसे दृढ़ बनाना चाहिए.

किसे संहिता का पालन अवश्य करना चाहिए?

Teradata संहिता पूरे विश्व में Teradata की सभी टीमों पर लागू होती है. हम यह भी अपेक्षा करते हैं कि हमारे व्यावसायिक भागीदार उन सभी Teradata-संबंधी गतिविधियों के संबंध में निर्धारित आचरण के हमारे मानकों का पालन करें.

Teradata की सहायक कंपनियां, सहबद्ध, व्यावसायिक संगठन, प्रचालन और टीमें हमारी संहिता का अनुपूरण करने वाले अतिरिक्त मानक लागू करने का निर्णय कर सकती हैं. यदि पूरक मानक आप पर लागू होते हैं, तो आपको हमेशा उनका सख्ती से पालन करना चाहिए—ताकि आप और टीम हमारी संहिता- या भूमिका विशिष्ट मानकों का पालन कर सके.

हमारे दैनिक गतिविधियों में हमारी संहिता को समाविष्ट करके, हम हमारे व्यवसाय को सही तरीके से करना सुनिश्चित करते हैं. कोई भी व्यक्ति जो हमारी संहिता द्वारा स्थापित सिद्धांतो और मानकों के विपरीत कार्य करता है स्थानीय कानून के अनुसार वह दण्ड का पात्र होगा, जिसमें नौकरी समाप्ति शामिल है.

हमारी आचार संहिता प्रतिबद्धताएँ

- हम नीतिपूर्वक एवं हमारी आचार संहिता और नीतियों का पालन करते हुए अपना व्यवसाय चलाते हैं.
- हम मार्गदर्शन लेते हैं और चिंताओं एवं उल्लंघनों की रिपोर्ट करते हैं.
- हम सभी लोगों से सम्मान के साथ व्यवहार करते हैं.
- हम कानून का पालन करते हैं.
- हम पूरी तरह से निष्पक्ष हैं.
- हम हित के टकराव से बचते हैं.
- हम संपत्तियों की सुरक्षा करते हैं.
- हम डेटा और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा करते हैं.
- हम रिकॉर्ड्स की सटीकता बनाए रखते हैं.
- हम सतत हमारी आचार संहिता और नीतियों को लागू करते हैं.
- हम सदाशय से चिंताएं जाहिर करने वालों के विरुद्ध प्रतिशोध को निषिद्ध करते हैं.
- हम सही कार्य करते हैं–हमेशा.

नैतिक निर्णय लेने के लिए संहिता का उपयोग करना

हमारी आचार संहिता हमारे द्वारा Teradata के व्यवसाय के संचालन के तरीकों के लिए मानक स्थापित करती है. हालांकि, हमारी संहिता और नीतियां नैतिक आचरण के लिए एक मार्गदर्शक मात्र हैं. उनमें सभी संभव स्थितियाँ या सभी सवाल शामिल नहीं होते हैं जिनका Teradata में किसी व्यक्ति को सामना करना पड़ता है. यदि आप यह नहीं जानते हैं कि क्या करना सही है, तो आपको पूछना चाहिए. अपने प्रबंधक से पूछना प्रारंभ करें और फिर Teradata में विषय से संबंधित उचित विशेषज्ञ से संपर्क करें. यदि हमें नहीं पता कि क्या सही है तो वह कार्य करने से पहले जवाब पाने के लिए नैतिकता हमें बाध्य करती है.

किसी खास अवसर पर, किसी खास परिस्थिति के लिए हमारी संहिता या नीति के प्रावधान से छूट देना या उसे बदलना उपयुक्त हो सकता है. ऐसा हो सकता है यदि कोई एक काम करने पर उल्लंघन होगा, लेकिन कोई अन्य चीज-या कुछ भी नहीं करना-भी उल्लंघन होगा, या जहां प्रावधान लिखने के बाद कानूनी आवश्यकताएं बदल गई हों. यदि आपका सामना ऐसी स्थितियों से होता है जहाँ आपको लगता है कि नैतिक दुविधा या विरोधाभास उत्पन्न हुआ है, तो आपको तुरंत अपने प्रबंधक के सामने समस्या को उठाना चाहिए और प्रबंधक को अन्य उपयुक्त उत्तरदायी Teradata स्रोत के समक्ष इसे उठाना चाहिए. यदि आप में से कोई यह नहीं जानता कि किससे सवाल करना चाहिए, तो आपको इसे Teradata नैतिकता और अनुपालन कार्यालय को बताना चाहिए. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है ऐसे किसी दुविधा या अनिश्चितता का सामना होने पर कोई भी कार्रवाई करने से पहले मार्गदर्शन प्राप्त करें.

हमारी नीतियों में स्पष्ट रूप से प्रावधानित विचलनों को छोड़कर, आचार संहिता और नीति से संबंधित सभी छूटों के लिए Teradata कानूनी विभाग की अग्रिम लिखित मंजूरी आवश्यक होती है. केवल Teradata निदेशक मंडल की ऑडिट समिति Teradata के कार्यकारी अधिकारियों या बोर्ड के सदस्यों को केवल विशिष्ट स्थिति में, और वह भी उचित अस्वीकरण और पारदर्शीता आवश्यकताओं का पालन करने पर हमारी संहिता के अनुपालन में छूट दे सकती है. हमने शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक सभी को आचरण के समान मानकों पर रखा है.

और यहां तक कि हमने कंपनी के कार्यकारी अधिकारियों और निदेशक मंडल के सदस्यों को उच्चतम मानकों और अपेक्षा पर रखा है.

मार्गदर्शन खोजना और उल्लंघनों की रिपोर्ट करना

हमारी संहिता का उल्लंघन एक गंभीर स्थिति है और इसके परिणाम स्वरूप हमारे व्यवसायिक संबंधों और प्रतिष्ठा को बहुत नुकसान पहुंच सकता है. यदि आपके कोई प्रश्न या चिंताएं हैं, या आपको ऐसे किसी आचरण का पता लगा है जो आपकी नज़र में हमारी संहिता, हमारी नीतियों या कानून का उल्लंघन हो सकता है, तो इसे प्रकट करना आपका कर्तव्य है. नेकनीयती में अपनी चिंताओं की रिपोर्ट करने—मतलब आप संभावित समस्या का ईमानदार और पूर्ण विवरण दे रहे हैं—से यह समस्याओं को आगे बढ़ने से पहले Teradata की उन्हें हल करने या इससे बचने में सहायता करती है.

यदि आपको किसी कानूनी या नैतिक उल्लंघन का संदेह है, तो इसे निम्न में से किसी एक के समक्ष प्रकट करें:

- आपका प्रबंधक
- कोई उच्चतर स्तर का प्रबंधक
- आपका Teradata मानव संसाधन प्रतिनिधि
- Teradata नैतिकता एवं अनुपालन कार्यालय से E&C@Teradata.com पर ई-मेल से संपर्क द्वारा
- Teradata नैतिकता सहायता केंद्र, जिस पर ऑनलाइन **www.integrity-helpline.com/tdhelp.jsp** पर पहुंचा जा सकता है या जिससे 1-866-455-0993 पर कॉल करके संपर्क किया जा सकता है. Teradata नीति सहायता केंद्र टेलीफ़ोन नंबर अधिकांश Teradata साथियों के पहचान बैज पर मुद्रित होता है- इसलिए यह हर समय आपके लिए आसानी से उपलब्ध है. Teradata नैतिकता हेल्पलाइन, जहां कानून में अनुमति हो वहां, बेनामी रिपोर्टिंग की सुविधा देती है.
- Teradata कानूनी विभाग का कोई सदस्य
- समस्या वाले क्षेत्र के लिए Teradata के विषय विशेषज्ञ टीम का सदस्य (उदाहरण के लिए संदेहास्पद चोरी की समस्या के लिए कॉर्पोरेट सुरक्षा या संदिग्ध वित्तीय अनियमितताओं के लिए आंतरिक लेखा परीक्षक)

आप चाहें तो अनाम रूप में रिपोर्ट करना चुन सकते हैं, लेकिन आपकी चिंता के विशिष्ट विवरण के लिए आपसे फिर से संपर्क करना मुश्किल हो सकता है. कुछ देशों में, स्थानीय कानून के अनुसार आपको अपनी पहचान बताना आवश्यक हो सकता है. नैतिकता और अनुपालन कार्यालय या नीति सहायता केंद्र आपको बताएगा कि इनमें से कोई आपकी रिपोर्ट पर लागू होता है या नहीं. इन संसाधानों से संपर्क करते समय हम आपको आपकी पहचान बताने के लिए प्रोत्साहित करते हैं ताकि Teradata समस्या की पूर्ण रूप से जांच कर सके. यदि आप अपना नाम देते हैं या व्यक्तिगत रूप से आगे आते हैं, तो Teradata आपकी पहचान को सुरक्षित रखने के लिए लागू कानूनों द्वारा पूर्ण अनुमत सीमा तक कदम उठाएगा जो आपके नाम को केवल जरूरत के आधार पर साझा करेगी।

Teradata दुरुपयोग की सभी रिपोर्टों का विश्लेषण और जांच करता है और उल्लंघन का पता लगने पर उचित कार्रवाई करता है. इसमें उल्लंघन करने वाले उन लोगों के खिलाफ रोजगार की समाप्ति या अनुबंध समाप्त करने सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई शामिल हो सकती है.

यदि जांच में सहायता करने के लिए कहा गया है, तो आपको सभी सवालों के जवाब सच्चाई से देने होंगे और पूरी तरह से सहयोग करना होगा. किसी नैतिक या कानूनी उल्लंघन के बारे में झूठ बोलना, उसे छिपाना या उसे ढकना हमारी संहिता का एक गंभीर उल्लंघन है और इसके परिणामस्वरूप नियुक्ति समाप्त की जा सकती है.

यदि आप यहां सूचीबद्ध किसी भी संसाधन को अपनी चिंताओं की सूचना देने में सहज महसूस नहीं करते हैं तो, आप इनकी Teradata विश्व मुख्यालय में कॉर्पोरेट सचिव को लिखित संचार भेजकर Teradata निदेशक मंडल की ऑडिट समिति को सीधे रिपोर्ट कर सकते हैं: Teradata निदेशक मंडल की ऑडिट समिति, Teradata Corporation, ध्यान दें: Corporate Secretary, 17095 Via Del Campo, San Diego, California (USA) 92127.

गैर-प्रतिशोध

Teradata के सभी लोगों को इस डर के बिना कानून, हमारी संहिता या Teradata नीतियों के किसी भी संदिग्ध उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए सशक्त होना चाहिए कि इसका उनके रोजगार या Teradata के साथ अन्य व्यावसायिक संबंधों पर कोई नकारात्मक प्रभाव होगा. जो लोग प्रश्न पूछते हैं, चिंताए प्रकट करते हैं, या नेकनीयती से रिपोर्ट सबमिट करने वाले सहित वे लोग जो नैतिकता और अनुपालन निरीक्षण और अंकेक्षण में भाग लेते हैं, उनके विरूद्ध किसी भी प्रकार के प्रतिशोध को Teradata सख्ती से निषेध करती है.

नेकनीयती का अर्थ यह नहीं है कि आप सही हो, लेकिन इसका मतलब यह है कि आप वे सभी जानकारी प्रदान कर रहे हैं जो आपके पास है और आपका मानना है कि वे खरी है. बदनीयत या असद्भाव उस स्थिति को कहते हैं जब कोई ऐसी जानकारी प्रदान करता है जिसके बारे में उसे पता है कि वह गलत है, अक्सर ऐसा किसी अन्य व्यक्ति को लक्षित करने या उससे प्रतिशोध लेने के उद्देश्य से किया जाता है. जिस तरह से हम प्रतिशोध सहन नहीं करते हैं उसी तरह से हम बुरी नीयत से जानबूझकर प्रदान की गई गलत जानकारी भी बर्दाश्त नहीं करेंगे.

प्रबंधकों के विशेष उत्तरदायित्व

वे Teradata सहयोगी जो अन्य लोगों को अधीक्षण करते हैं उनके लिए अतिरिक्त कर्तव्य और उत्तरदायित्व होते हैं. प्रबंधकों को उनके शब्दों, निर्णयों और कार्रवाईयों के माध्यम से सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति व्यक्तिगत प्रतिबद्धता दर्शानी चाहिए. Teradata के प्रबंधक के रूप में, आपकी अपेक्षाओं में ये शामिल हैं:

- Teradata की संहिता और नीतियों का स्वयं हमेशा पालन करके उदाहरण बनकर दिखाएं.
- चर्चा, संचार और प्रशिक्षण द्वारा सुनिश्चित करें कि आपकी टीम के सहयोगी और आपके व्यावसायिक साझेदार हमारी संहिता और संबंधित नीतियों को समझते हों.
- ध्यान दें कि आपकी टीम के सहयोगी हमारी संहिता का पालन करते हैं या नहीं और उन्हें बड़े उत्तरदायित्व वाले पद पर पदोन्नत करने से पहले Teradata के मूल सिद्धांतों के बारे में उदाहरण देकर समझाएं.
- जो सहयोगी अपने कार्यों और व्यवहार के माध्यम से सकारात्मक उदाहरण स्थापित करते हैं उन्हें सम्मानित और पुरस्कृत करें.
- सचेत रहें और आवश्यकता होने पर, अपनी टीम या कार्य स्थल में होने वाले किसी भी संभावित दुराचरण के बारे में Teradata नैतिकता और अनुपालन कार्यालय को रिपोर्ट करें.
- एक ऐसा वातावरण बनाएं जो Teradata के लोगों को नैतिकता, अनुपालन और नीति संबंधित प्रश्न और चिंताएं जाहिर करने के लिए प्रोत्साहित करता हो.
- जो लोग नेकनीयती से चिंताएँ उठाते हैं उनके विरूद्ध कभी भी प्रतिशोध लेने या करने की अनुमति न दें.

वे प्रबंधक जिन्हें उल्लंघन के बारे में जानकारी थी या जानकारी होना चाहिए थी और जो उन उल्लंघनों का समाधान नहीं करते और/ या उनकी रिपोर्ट नहीं करते हैं वे अनुशसनात्मक कार्रवाई के पात्र होंगे. Teradata प्रबंधक के रूप में, यह आपका कर्तव्य है कि आप एक ऐसी विचार-शैली स्थापित करें जिसमें Teradata पर सत्यनिष्ठा शीर्ष प्राथमिकता हो.

एक होकर आगे बढना

हम Teradata में ऐसा कार्य परिवेश प्रदान करने का प्रयास करते हैं जो सभी सहयोगियों, ग्राहकों और व्यावसायिक साझेदारों के सम्मान को बढ़ावा देता हो और जिसमें उन समुदायों की विविधता शामिल हो तथा प्रतिबिंबित होती हो जिनमें हम प्रचालन करते हैं. हम हमारी भेदभाव, उत्पीड़न और प्रतिशोध रोधी नीतियों के साथ इस वचन को सहारा देते हैं. हमने जातिवाद-विरोधी कंपनी के रूप में हमारी स्थिति की भी घोषणा कर दी है, जिसमें हमारे संगठन के अंदर जातिवाद या अन्य असमानताओं को बनाए रखने वाली किसी भी प्रणाली, मान्यता, व्यवहार, या प्रक्रिया को खत्म करने हेतु हमारा सहयोग शामिल है.

विविधता, निष्पक्षता और समावेशन

एक वैश्विक कंपनी के रूप में, Teradata समझता है कि इसके लोगों की विविधता नवाचार — और जो संस्कृति, विचार, प्रशिक्षण और पृष्ठभूमि वे प्रदान करते हैं—को प्रोत्साहित करने के लिए हमें सक्षम बनाती है और हमारे द्वारा हमारे ग्राहकों को प्रदान किए जाने वाले उत्पादों और सेवाओं को परिष्कृत करती है. जब हम एक सुरक्षित, सहयोगपूर्ण और समावेशी परिवेश की रचना करते हैं तो वह Teradata में हर किसी को अपना संपूर्ण सामर्थ्य हासिल करने के योग्य बनाता है.

Teradata उन सभी कानूनों और नियमों का पालन करता है जिस देश में हम संचालन करते हैं. हालांकि, विविधता, निष्पक्षता और समावेशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता कानूनी अनुपालन से परे फैली हुई है. Teradata एक ऐसा कार्यस्थल बनाने पर जोर देता है जहाँ विभिन्न प्रकार की संस्कृतियों और विचारों को महत्व, समर्थन और प्रोत्साहन दिया जाता है. Teradata यह सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से अपनी नीतियों, प्रणालियों और कार्य स्थितियों की जांच करती है कि समान अवसर मौजूद हों और यह कि हमारे कार्य समावेशी हों. Teradata सभी कर्मचारियों को सीखने के अवसर भी प्रदान करती है जिनमें संस्कृति, समावेशी नेतृत्व, पूर्वग्रहों का प्रबंधन, और सभी से उचित व्यवहार से संबंधित टॉपिक्स को कवर किया जाता है. Teradata की समावेशन समितियां विभिन्न पृष्ठभूमियों वाले कर्मचारियों के लिए नेटवर्किंग और सलाह संबंधी सहयोग प्रदान करती हैं. और, Teradata विविधता को अपनाने वाले व्यवसायों की पहचान करके और उनसे खरीद करके अपनी खरीद प्रक्रिया में आपूर्तिकर्ता विविधता को शामिल करने का प्रयास करती है. हालांकि, हमारा कार्य खत्म नहीं हुआ है, और Teradata इस क्षेत्र में निरंतर वृद्धि एवं उपलब्धि के लिए प्रतिबद्ध है.

विविधता, निष्पक्षता और समावेशन के प्रति हमारी प्रतिज्ञा

- जब लोग असहिष्णुता, दुर्व्यवहार, असभ्यता, या कार्रवाई में जानबूझकर/अनजाने में पक्षपात का अनुभव करते हैं या ऐसा होते हुए देखते हैं, तो हम उन्हें आवाज़ उठाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।
- हम खुद से सवाल करेंगे, "क्या हमारी कार्रवाइयों और शब्दों से समावेशन के महत्व का पता चलता है?"
- हम सहकर्मियों से अर्थपूर्ण, जटिल, और कभी-कभी मुश्किल बातचीत करेंगे।
- हम सभी लोगों को समावेशी परिवेश देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अलग-अलग संभावनाओं पर विचार करेंगे और दृष्टिकोण और संचार से जुड़ी उन शैलियों का सम्मान करेंगे जो हमारी शैलियों से अलग हैं।
- हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारी कार्रवाइयों और शब्दों से समावेशन के महत्व और हमारी प्रतिबद्धता का पता चलता है।
- हम सभी लोगों को हमारे सुविधाजनक क्षेत्रों से बाहर जाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे, ताकि वे दूसरों के अनुभवों और दृष्टिकोणों के बारे में जान सकें।

Teradata एक नस्ल विरोधी कंपनी है। इसके अलावा, हम ऐसी नस्ल विरोधी कंपनी बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिसमें हम किसी भी प्रणाली, महत्व, व्यवहार, या प्रणालीगत नस्लवाद को खत्म करने वाली संगठनात्मक प्रक्रिया की पहचान करें और इस बुराई को समाप्त करें। ऐसा करने के लिए, हम ये काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं:

- ऐसी संस्कृति में सक्रिय रूप से योगदान देना जिसमें नस्लवाद को स्वीकार नहीं किया जाता।
- नस्लीय भेदभाव की घटनाओं को अभिस्वीकृति देना और उनका मुकाबला करना, और उन कर्मचारियों को सहायता देना जो नकारात्मक रूप से प्रभावित थे।
- विविधता, निष्पक्षता और समावेशन के साथ-साथ नस्लवाद विरोधी व्यवहारों और प्रक्रियाओं के संबंध में हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी के महत्व के बारे में जानने के मौजूदा अवसरों में शामिल होना।

इन व्यवहारों और कार्रवाइयों के प्रति प्रतिबद्धता के द्वारा, हम साथ मिलकर ऐसा परिवेश बनाएंगे जहां कर्मचारी सुरक्षित महसूस करें, और भेदभाव और नस्लवाद से मुक्त रहें।

शून्य-भेदभाव एवं शून्य-उत्पीड़न

Teradata में हम भेदभाव या उत्पीड़न से पूरी तरह मुक्त कार्यस्थल के लिए गहराई से और वास्तव में प्रतिबद्ध हैं. हम सभी प्रकार के भेदभाव का मुकाबला करने और उसे खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं; इसमें जातिवाद शामिल है जिसे व्यक्तियों की किसी जातीय या नृजातीय समूह विशेष की सदस्यता के आधार पर उन्हें हाशिये पर पहुंचाने, अलग-थलग रखने और उनसे भेदभाव करने वाले प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष कार्यों, व्यवहारों, या शब्दों के रूप में परिभाषित किया गया है.

Teradata किसी भी निर्णय में गैरकानूनी भेदभाव को निषिद्ध करती है, जिसमें रोजगार-संबंधित निर्णय या व्यावसायिक साझेदार चुनने के निर्णय शामिल हैं. हम मैरिट के आधार पर नियुक्ति करते हैं, चयन करते हैं, प्रदर्शन मूल्यांकन और पदोन्नति देते हैं—जाति, रंग, धर्म, राष्ट्रीय मूल, लैंगिगता, आयु, विकलांगता, यौन अभिविन्यास, गर्भावस्था, लिंग पहचान, लिंग की अभिव्यक्ति, वैवाहिक स्थिति, सैन्य या अनुभवी स्थिति, वयोवृद्ध स्थिति या किसी अन्य कानूनी रूप से संरक्षित विशेषताओं के आधार पर किसी के खिलाफ कभी भी भेदभाव नहीं करते हैं. हम इन या अन्य संरक्षित विशेषताओं पर आधारित भेदभाव का कारण बनने वाले व्यवहार को सहन नहीं करते हैं. हम ऐसी कार्यप्रथाओं और कार्यविधियों को खत्म करने पर भी प्रतिबद्ध हैं जो अनभिप्रेत या अनजाने में भेदभाव का कारण बन सकती हैं.

एक दूसरे का सम्मान करने के लिए एक ऐसे कार्य वातावरण की भी आवश्यकता होती है जो सभी तरह के गैरकानूनी उत्पीड़न से मुक्त हो. उत्पीड़न, संरक्षित विशेषताओं के आधार पर किसी अन्य व्यक्ति के प्रति अवांछित या अपमानकारी आचरण होता है जब: (1) उक्त आचरण के समक्ष आत्मसमर्पण को या तो रोजगार की एक स्पष्ट या गर्भित शर्त बना दिया जाता है या फिर उसे रोजगार के निर्णय के लिए आधार के रूप में प्रयोग किया जाता है; या (2) आचरण इतना गंभीर या इतना व्यापक होता है कि उससे एक डराने वाला, शत्रुतापूर्ण, या

अपमानजनक कार्य परिवेश बन जाता है. उत्पीड़न प्रकृति में यौन संबंधी या गैर-यौन संबंधी हो सकता है. यौन उत्पीड़न में अप्रिय यौन आग्रह, यौन अनुग्रहों के अनुरोध, या यौन प्रकृति का अन्य शारीरिक या शाब्दिक आचरण अथवा कार्यस्थलीय व्यवहार शामिल होते हैं.

इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उत्पीड़न किस रूप में होता है, यह किसी व्यक्ति के कार्य प्रदर्शन में बाधा डाल सकता है या उसके रोजगार अवसरों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकता है. Teradata उत्पीड़न को सहन नहीं करती, चाहे वह कंपनी के परिसर में हो या परिसर के बाहर या कार्यालय समय के बाद के किसी कार्यक्रम में हो जैसे छुट्टियों की पार्टियां, टीम-बिल्डिंग कार्यक्रम, जश्न, व्यावसायिक सम्मेलन, या व्यावसायिक यात्रा, या चाहे वह आंतरिक संचार टूल्स में ऑनलाइन हो या आंतरिक या बाहरी सोशल मीडिया मंचों पर.

Teradata में हम संभावित कार्यस्थलीय भेदभाव या उत्पीड़न से संबंधित सूचनाओं और चिंताओं को बहुत गंभीरता से लेते हैं, जिसमें जातिवाद या यौन उत्पीड़न की घटनाएं शामिल हैं. यदि आपका मानना है कि आपके साथ भेदभाव या उत्पीड़न हो रहा है, या यदि आपको किसी ऐसी परिस्थिति का पता चलता है जो हमारी भेदभाव या उत्पीड़न विरोधी नीतियों का उल्लंघन करती है, तो आपको हमारी संहिता में वर्णित रिपोर्टिंग विधियों का उपयोग करके तुरंत उसकी सूचना देनी चाहिए. संभावित दुराचरण की शिकायत पाने वाले, या संभावित उत्पीड़न अथवा दुराचरण को होते देखने वाले प्रबंधकों को तुरंत उस शिकायत या दुराचरण के मामले को Teradata मानव संसाधन विभाग के किसी सदस्य या Teradata नैतिकता व अनुपालन कार्यालय को पहुंचाना होगा, ताकि जांच की जा सके और उचित सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके. Teradata चिंताओं की शुरुआत में ही पहचान व जांच करने और उन्हें हल करने के अवसरों का स्वागत करती है ताकि उन्हें गंभीर समस्या बनने से रोका जा सके. Teradata भेदभाव या उत्पीड़न के समुचित विश्वास के आधार पर नेकनीयती से रिपोर्ट करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिशोध को सख्ती से प्रतिबंधित करती है.

यौन या अन्य उत्पीड़न के खतरे के निशान

यौन आचरण, यौन आकर्षण, कामुकता, यौन पहचान, लिंग, उम्र, जाति, राष्ट्रीय मूल, धर्म, अशक्तता या अन्य कानूनी रूप से संरक्षित विशेषताओं के संबंध में कार्यस्थल से जुड़े अपमानजनक, अनुचित, नीचा दिखलाने वाली या अप्रिय टिप्पणी, चुटकुले या छवियां निषिद्ध हैं (कंपनी के संसाधनों का उपयोग करके भेजे जाने वाले ईमेल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक संचारों में भी ये चीजें निषिद्ध हैं).

जातिवाद के प्रति शून्य सहनशीलता

जातिवादी चुटकुला सुनाना, जातिवादी विशेषणों का उपयोग करना, एक नृजातीय समूह के सहज रूप से अन्य नृजातीय समूह से श्रेष्ठतर होने के विचार को प्रतिबिंबित करने वाला व्यवहार दर्शाना, या जातीय प्रोफ़ाइलिंग करना ऐसे व्यवहारों के कुछ उदाहरण हैं जो Teradata द्वारा निषिद्ध किए गए हैं.

हितों के टकराव की स्थिति से बचना

हम Teradata को सफल बनाने में पूरी तरह से समर्पित हैं. हितों का टकराव हमारी सफलता में बाधक हो सकता है. टकराव या विरोध तब होते हैं जब हमारे व्यक्ति, पारिवारिक या वित्तीय हित Teradata के सर्वोत्तम हित में उद्देश्यपूर्ण व्यवसाय निर्णय बनाने की हमारी क्षमताओं में बाधा डालते (या बाधा डालते हुए प्रतीत होते हैं) हैं. हम सभी को उन सभी स्थितियों से बचना चाहिए, जिसमें हम Teradata और बाहरी हितों के प्रति हमारी निष्ठा के बीच फंसे हुए महसूस करते हैं.

कुछ आम टकराव की स्थितियों के उदाहरण यहाँ दिए गए हैं. यदि आपका वास्तव में या संभावित रूप से कोई हित टकराव है, तो इसे तुरंत अपने प्रबंधक के सामने प्रकट करें. जब कोई विशेष संभावित टकराव की स्थिति संहिता के उल्लंघन के स्तर तक न पहुँचे, तो हो सकता है कि आप उस टकराव की रिपोर्ट करने में विफल हो जाएँ.

परिवार और मित्रों के साथ व्यवसाय करना

यदि आपकी (या आपकी पत्नी, रिश्तेदार, या घनिष्ठ मित्र की) किसी ऐसी कंपनी में हिस्सेदारी है जो Teradata को माल या सेवाओं की आपूर्ति करती है या करना चाहती है या Teradata की ग्राहक या संभावित ग्राहक है या Teradata की प्रतिस्पर्धी कंपनी है, तो हितों का टकराव हो सकता है. यदि आप स्वयं को ऐसी स्थिति में पाते हैं तो उस पक्ष से जुड़े चयन या बोली प्रक्रिया या सौदेबाजी को प्रभावित करने के लिए अपने पद का उपयोग नहीं करना चाहिए. यदि आप प्रत्यक्ष रूप से विक्रेता के चयन में शामिल हैं, और विक्रेता या संभावित विक्रेता से जुड़ा किसी टकराव की संभावना है, तो आपको तुरंत अपने प्रबंधक को सूचित करना चाहिए और स्वयं को निर्णय-लेने की प्रक्रिया से अलग कर लेना चाहिए. यदि चयनित होने वाले विक्रेता के साथ आपके संबंध हैं तो आपको उसके द्वारा प्रदान किए गए माल या सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने की प्रक्रिया में शामिल नहीं होना चाहिए.

यदि आपका कोई रिश्तेदार या घनिष्ठ मित्र है जो कि प्रतिस्पर्द्धी कंपनी के लिए काम करता है, तो आपको अपने प्रबंधक को इसके बारे में सुचित करना चाहिए और उन्हें Teradata की गोपनीय जानकारी और जानकारी सिस्टम पर एक्सेस देने से बचने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए, और हमारे प्रतिस्पर्धा/स्पर्धारोधी कानून अनुपालन और इनसाइडर-ट्रैडिंग संहिता के प्रावधानों और नीतियों में शामिल चीज़ों के बारे में उन्हें बताने से बचना चाहिए.

एक विक्रेता के प्रतिनिधि और खरीदार के प्रतिनिधि के बीच एक प्रेम संबंध भी हितों के टकराव होने की समस्या उत्पन्न कर सकता है जिसका उनके नियोक्ता सहित किसी भी प्रकार के लेन-देन के पूर्ण के पहले खुलासा या समाधान कर देना चाहिए.

परिजनों की नियुक्ति के बारे में Teradata नीति (**कॉर्पोरेट प्रबंधन नीति (“CMP”) 201**) आमतौर पर हमें परिवार के सदस्य की या उस व्यक्ति की नियुक्ति या पर्यवेक्षण या अन्यथा निरीक्षण से रोकती है, जिसके साथ हमारे रूमानी संबंध हैं. यदि आपके साथ ऐसी कोई भी टकराव की स्थिति है या आपके पास इसके बारे में कोई जानकारी है, तो आपको अपने प्रबंधक और Teradata मानव संसाधन प्रतिनिधियों को तुरंत रिपोर्ट करनी चाहिए ताकि नियुक्ति, पर्यवेक्षण और/या दो शामिल लोगों के बीच का देखरेख संबंध बदला जा सके या अन्यथा उसका समाधान किया जा सके.

बाह्य रोजगार और निवेश

Teradata के बाहर रोजगार लेना या Teradata प्रतिस्पर्धी के बड़ी हिस्सेदारी लेना भी Teradata सहभागियों के लिए हितों के टकराव की स्थिति पैदा कर सकता है. यदि आप Teradata के एक पूर्ण-कालिक कर्मचारी है, तो आप ऐसा कोई भी व्यवसाय संचालित नहीं कर सकते जो Teradata से संबंधित नहीं है और जिससे Teradata के साथ आपके रोजगार के उचित कार्य प्रदर्शन में बाधा उत्पन्न होती है. इसमें आपके Teradata में कार्य-समय के दौरान बाहरी व्यवसाय करना या उन कार्यों के लिए Teradata की संपत्ति, उपकरण, नेटवर्क, जानकारी या अन्य संसाधनों का उपयोग करना जो Teradata व्यवसाय उपयोग के लिए नहीं है. साथ ही, अन्य लाभकारी संगठन या सार्वजनिक रूप कारोबार करने वाली कंपनी के निदेशक मंडल में सेवाएँ देना भी हितों के टकराव की स्थिति पैदा कर सकता है. Teradata सहयोगियों को ऐसी सभी भूमिकाओं के नए ऑफ़र, और हमारे प्रतिस्पर्धियों में बहुमतांश धारित करने से संबंधित प्रश्न, अपने प्रबंधक और Teradata कानूनी विभाग के सामने रखने चाहिए. हम आमतौर पर पद की सीमाओं, अपेक्षाओं और आवश्यकताओं के बारे में और शेयरधारिता की उद्दिष्ट सीमा के बारे में बातचीत करके इन स्थितियों का समाधान कर सकते हैं.

कॉर्पोरेट अवसर

कुछ स्थितियों में, Teradata में आपके पद के माध्यम से, आपको किसी ऐसी खरीदारी करने के अवसर या निवेश के बारे में पता लग सकता है जिसमें Teradata की रूचि हो सकती है. आपको तुरंत अपने प्रबंधक को अवसर के बारे में सूचित करना चाहिए ताकि Teradata इसका मूल्यांकन कर सके. यदि Teradata उस अवसर को नहीं भुनाने का निर्णय लेता है, तो इससे पहले कि आप स्वयं के लिए इस अवसर पर कार्रवाई करें या किसी अन्य पक्ष को इसके बारे में बताएं, अपको अपने प्रबंधक और Teradata नैतिकता और अनुपालन कार्यालय से इसकी लिखित अनुमति माँगना और प्राप्त करना चाहिए.

हितों के टकराव की स्थिति का प्रबंधन

Teradata मानता है कि हित के टकराव की स्थिति बिना किसी बुरी नीयत के बन सकती, और स्थितियों में परिवर्तन के फलस्वरूप भी टकराव की स्थिति बन सकती है या हितों के टकराव की ऐसी स्थिति प्रकट हो सकती है जिसका पहले से कोई अस्तित्व नहीं था.

इस विषय के संबंध में याद रखने वाली बात यह है कि जैसे ही आपको संभावित हित के टकराव की स्थिति का पता चले आपको तुरंत इसके बारे में अपने प्रबंधक को बताना चाहिए. Teradata मानव संसाधन, कानूनी विभाग और/या Teradata नैतिकता और अनुपालन कार्यालय के साथ कार्य करने वाला आपका प्रबंधक निर्धारित करेगा कि इसका समाधान करने के लिए क्या किया जाना चाहिए या वह इस आश्वासन के साथ आपको आगे बढ़ने की अनुमति देगा कि आप उचित एहतियाती कार्रवाई करेंगे ताकि संभावित हित के टकराव की स्थिति वास्तविक स्थिति में न बदल जाए.

हित के टकराव के संबंध में मार्गदर्शन

प्रश्न: आपके अंकल किसी ऐसे व्यवसाय के स्वामी है और संचालन करते हैं जो खास प्राकर की सेवाओं की आपूर्ति करते हैं और आपको पता चलता है कि Teradata इस प्रकार की सेवाओं के बाजार में ग्राहक है. क्या आप खरीदारी में शामिल Teradata के लोगों से इस प्रकार की सेवा का जिक्र करेंगे जो आपके अंकल के व्यवसाय द्वारा प्रदान की जाती है?

उत्तर: हाँ, लेकिन हमारे हित के टकराव नीति के अंतर्गत, आपको जिक्र करते समय अपने संबंधों का खुलासा करना आवश्यक है. साथ ही, आपको उस सेवा के लिए प्रदाताओं का चयन करने के निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल नहीं होना चाहिए; यदि आपके अंकल की कंपनी से सेवा खरीदी जाती है जो उसकी सौदेबाज़ी, क्रियान्वयन या प्रबंधन में शामिल नहीं होना चाहिए; सेवा की गुणवत्ता का मूल्यांकन या अंकल की कंपनी के भुगतान का अनुमोदन नहीं करना चाहिए. प्रकटीकरण, पारदर्शिता, और
निर्णय-लेने, प्रबंधन, और भुगतान चैनल संबंधित प्रक्रियाओं से खुद को अलग करना ही इन परिस्थितियों का पालन करने की कुंजी हैं.

कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य

Teradata प्रत्येक सहयोगी और व्यावसायिक भागीदार को सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद कार्य वातावरण प्रदान करने का प्रयास करती है. हम बिना उचित स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण सुरक्षा सावधानी के कोई गतिविधि संचालित नहीं करते हैं.

Teradata एक ड्रग-मुक्त कार्यस्थल के लिए भी प्रतिबद्ध है. इसका मतलब है कि हम सभी को व्यवसाय करते समय ड्रग और एल्कोहल से मुक्त रहना चाहिए. कंपनी के परिसर में या कंपनी व्यवसाय करते समय गैर कानूनी ड्रग्स का उपयोग करना, रखना, वितरण करना या बेचना या चिकित्सक के पर्चे पर मिलने वाले या अन्य कानूनन मंजूर ड्रग्स का अनुचित उपयोग या दुरूपयोग करना पूरी तरह से प्रतिबंधित है. प्रबंधन द्वारा स्वीकृत और कंपनी द्वारा प्रायोजित कुछ कार्यक्रमों में एल्कोहल का संयमित सेवन किया जा सकता है, पर केवल कार्यक्रम के दिशानिर्देशों के अनुसार, और वह भी केवल तब जब सेवन करने वाला सहयोगी अपने सेवन की पूरी ज़िम्मेदारी और जवाबदेही स्वीकार करे और वह कानूनी रूप से क्षीण अवस्था में होने के दौरान कोई भी मोटरवाहन न चलाए.

कार्यस्थल में हमारी मादक पदार्थ एवं एल्कोहल दुरुपयोग नीति का उल्लंघन सहन नहीं किया जाएगा. Teradata में ऐसे सहयोगी सहायता कार्यक्रम हैं जहां सहयोगियों को ड्रग्स या एल्कोहल के दुरुपयोग या व्यसनों संबंधित समस्याओं से निपटने में सहयोग दिया जाता है. प्रभावित सहयोगियों को इन कार्यक्रमों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाता है. इन सेवाओं के बारे में जानकारी Teradata कर्मचारी सहायता कार्यक्रम के माध्यम से उपलब्ध है.

Teradata सहयोगियों से एक दूसरे के साथ सम्मान और विनम्रता से व्यवहार करने की अपेक्षा की जाती है. Teradata हिंसा वाले कार्य या धमकियों को सहन नहीं करेगा. यदि कार्यस्थल में आपका सामना किसी वास्तविक या धमकीभरी हिंसा से हुआ है, तो आपको तुरंत इसकी अपने प्रबंधक, परिसर प्रबंधक या मानव संसाधन प्रतिनिधि को रिपोर्ट करना चाहिए.

कंपनी की संपत्तियों का उपयोग

Teradata संपत्तियाँ— इसकी जानकारी, परिसर, उपकरण, नेटवर्क, सामग्री, गुण, तकनीक और प्रतिष्ठा—हमारी पूरी टीम की कड़ी मेहनत, उपलब्धि और समर्पण के बल पर हासिल हुई है. हम सभी की Teradata की निरंतर सफलता में रूचि है और हम सभी उस सफलता के लिए जवाबदेह हैं. हमें हमारी संपत्तियों और संबद्ध डेटा एवं व्यक्तिगत जानकारी को चोरी, क्षति और दुरूपयोग से बचाना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि वे केवल Teradata के और Teradata द्वारा स्वीकृत प्रयोजनों के लिए उपयोग की जाए.

Teradata ने स्वीकृति दी है कि हमारे सहयोगी कभी-कभी कुछ खास Teradata संपत्तियों का सीमित रूप में उपयोग कर सकते हैं. हालांकि Teradata के समय, संपत्तियों या संसाधनों का निजी प्रयोजनों के लिए नियमित या अधिक उपयोग अनुमत नहीं है. व्यक्तिगत या गैर-Teradata अनुमोदित समुदाय या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए Teradata के संसाधनों का न्यूनतम उपयोग से अधिक मात्रा में उपयोग करने के लिए आपको अपने प्रबंधक से पहले से अनुमति लेना होगी.

यदि आपको संदेह हैं कि Teradata संपत्तियों के व्यक्तिगत उपयोग की मात्रा, प्रकार या सामग्री उचित है या नहीं, तो इसके बारे में अपने प्रबंधक से चर्चा करें, अग्रिम में अनुमति लें और जब तक आपको ऐसे प्रयोजनों के लिए अनुमति नहीं मिल जाती तब तक Teradata की संपत्तियों का उन प्रयोजनों के लिए उपयोग करने से बचें.

Teradata की संहिता, Teradata संपत्तियों के व्यवसायिक और अनुमति प्राप्त निजी उपयोग दोनों पर लागू होते हैं. इसका मतलब है कि आपको कभी भी Teradata की संपत्तियों का उपयोग नहीं करना चाहिए जिससे संहिता या हमारी नीतियों का उल्लंघन हो, जैस कि पोर्नोग्राफ़ी एक्सेस करना, देखना, संग्रहीत करना या भेजना; भेदभाव, उत्पीड़न, प्रतिशोध, या हिंसा की धमकी, गैर कानूनी जुआ खेलना, वेश्यावृत्ति या कोई अन्य गैरकानूनी कार्यों में संलग्न नहीं होना चाहिए. उल्लंघन के परिणाम स्वरूप अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी और इसमें अधिकतम दण्ड के रूप में नौकरी की समाप्ति शामिल है.

जनता तक अपनी पहुँच को विस्तार देना

Teradata एक उच्च प्रतिस्पर्धात्मक विपणन स्थान पर अपना व्यवसाय संचालन करता है. हमें हमारे ग्राहकों की आवश्यकता और प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए अपने उत्पादों और समाधानों में लगातार नवीनता और सुधार लाना होगा. समान रूप से महत्वपूर्ण यह है कि हमें सुनिश्चित करना चाहिए कि हम हमारी ब्रांड और हमारे सिद्धांतों की सुसंगतता दर्शाने के लिए स्वयं को व्यवहार के उच्च मानकों पर कसते हों और जनता के साथ हमारे व्यवहारों में प्रामाणिक और सच्चे बने रहते हों.

सटीक रिकॉर्ड्स बनाए रखना

हम सभी लोग Teradata के बहीखातों और रिकॉर्ड्स की पूर्णता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी हैं. यात्रा, मनोरंजन एवं उपहार व्यय प्रतिपूर्ति अनुरोधों एवं भुगतानों समेत हमारी सभी वित्तीय प्रविष्टियों और रिकॉर्ड्स में, और खरीद, ठेकेदार व उपठेकेदार खरीद आदेशों, अनुबंधों, कार्य विवरणों, प्रविष्टियों और भुगतानों, और परियोजना के वित्तीय कागजात एवं रिपोर्टिंग में व्यय/संव्यवहार या परियोजना, जो भी स्थिति हो, की वास्तविक प्रकृति, राशियां, संबंधित वास्तविक दिनांक, शामिल पक्ष और प्रयोजन सही-सही प्रकट होने चाहिए.

इसका अर्थ है कि हम रिश्वत, घूसखोरी, यात्रा, मनोरंजन, उपहार, अनुग्रह, व्यक्तिगत वस्तुओं, इनवॉइस भुगतानों, डिस्काउंट, छूटों, खरीद, ठेकेदारों, उपठेकेदारों, अनुबंधों, कार्य आदेशों या किसी भी अन्य अनुचित प्रयोजन के लिए कोई भी अलिखित कोष, अनभिलिखित धन के भंडार या अनधिकृत आस्तियां/खाते न तो बना सकते हैं और न प्रयोग कर सकते हैं. आपको कभी भी व्यय रिपोर्ट, खरीद आदेश, इनवॉइस या परियोजना रिपोर्टिंग विधियों/टूल्स या अन्य किसी भी Teradata बहीखातों और रिकॉर्ड्स में गलत या जाली प्रविष्टियां नहीं बनानी चाहिए.

> **हमें हमारे व्यवसाय के लिए श्रेष्ठ और सबसे प्रभावी निर्णय लेने के लिए सटीक जानकारी की आवश्यकता होती है.** हमारे दायित्वों को पूरा करने और ग्राहकों, सहयोगियों, व्यावसायिक भागीदारों, शेयरधारकों, और सरकारी प्राधिकरणों के लिए जवाबदेह होने के लिए, हमें सभी व्यवसायिक लेन-देनों के बहीखातों और रिकॉर्ड्स को पूर्ण, सही, सटीक और समयबद्ध रखना आवश्यक है. सही रिकॉर्ड्स Teradata को इसके वित्तीय, कानूनी और रिपोर्टिंग दायित्वों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण हैं.

सभी Teradata सहभागियों को Teradata के बहीखातों और रिकॉर्ड्स को सटीक बनाए रखना आवश्यक है. काम के घंटे, व्यवसाय के लिए किए गए व्यय और अन्य सभी व्यवसाय संबंधित गतिविधियों की रिकॉर्डिंग - और सभी रसीदें और अन्य समर्थित दस्तावेज़, तारीख और जानकारी सहित हम जो भी रिपोर्ट बनाने रहे हैं उनके बारे में हमें यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि वे किसी भी तरह से गलत, भ्रामक या जाली न हो. आपको समय पर और सही रिपोर्ट रिकॉर्ड और फ़ाइल करना चाहिए. यदि संबंधित Teradata नीतियां जांचने के बाद, आप सुनिश्चित नहीं हैं कि कुछ व्यय वैध प्रतिपूर्ति योग्य व्यवसाय व्यय है या नहीं या वह हमारी नीतियों के अनुसार अनुमत है या नहीं, तो आपको उस पर कोई भी कदम उठाने से पहले और इसके लिए प्रतिपूर्ति/भुगतान दावा सबमिट करने से पहले कंपनी में अपने प्रबंधक या विषय के अन्य विशेषज्ञों से सलाह लेनी चाहिए. सहयोगी जवाबदेह हैं और प्रतिपूर्ति/भुगतान के लिए गलत रिपोर्ट या दावा सबमिट करने के लिए दण्ड के पात्र होंगे.

हमें कभी भी बिना पूर्ण और उपयुक्त मूल दस्तावेज़ों के आर्डर और आय स्वीकारने सहित लेन-देन या भुगतान बुक अथवा प्रक्रिया नहीं करना चाहिए. आय स्वीकारने के संबंध में उपयोग किए गए बहिखातों, रिकॉर्ड्स, आर्डर, अनुबंध, अनुमोदन, चालान, स्वीकृतियों या अन्य दस्तावेज़ों में हेरफेर करना, जाली बनाना या बैकडेट करना कोई भी दस्तावेज जो राजस्व मान्यता या अन्य उचित लेखांकन उपचार के संबंध में उपयोग किया जा सकता है, हमेशा गलत होता है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हममें से प्रत्येक को वित्तीय नियंत्रण कार्मिकों, राजस्व मान्यता आश्वस्ति कार्मिकों, और आंतरिक व बाहरी लेखापरीक्षकों का, कंपनी की बहियों और रिकॉर्ड्स की सटीकता का और लेखांकन और कानूनी आवश्यकताओं के अनुपालन का सत्यापन करने के उनके प्रयासों में, पूरा सहयोग करना चाहिए. समीक्षा, लेखापरीक्षा, या जांच के साथ सहयोग करने से मना करने, भ्रामक जानकारी देने, या उसमें दृढ़तापूर्वक व्यवधान डालने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी.

कॉर्पोरेट रिकॉर्ड्स बनाने के बाद उनका ठीक ढंग से रखरखाव करना भी महत्वपूर्ण हैं. Teradata ने रिकार्ड प्रतिधारण नीति (**कॉर्पोरेट वित्त और लेखा नीति (CFAP) 111**) अपनाई है, जो यह वर्णन करती हैं कि आवश्यक अवधि के लिए कैसे रिकॉर्ड्स को रखा जाए और आवश्यकता ना होने पर कैसे उन्हें नष्ट किया जाए. यदि आप सुनिश्चित नहीं है कि आपको कौन से रिकॉर्ड्स रखना है और कब तक रखना है, तो कृपया हमारी रिकार्ड प्रतिधारण नीति की समीक्षा करें और निश्चित करें कि आप अपने क्षेत्र या जिस प्रकार के दस्तावेज़ों के साथ आप कार्य करते हैं उनके लिए रिकॉर्ड प्रतिधारण अनुसूची का पालन करते हैं.

साथ ही यह भी ध्यान में रखें कि किसी वास्तविक या अतिसंवेदनशील कानूनी कार्रवाई या सरकारी जांच की स्थिति में, निश्चित दस्तावेज़ों और रिकॉर्ड्स पर एक कानूनी नियंत्रण हो सकता हैं. यदि हम संबंधित दस्तावेज़ों और रिकॉर्ड्स की सुरक्षा कर पाते या उन्हें प्रदान करने में असमर्थ होते हैं, तो कानूनी प्रक्रियाओं में Teradata की स्थिति जोखिम में पड़ सकती है. इन स्थितियों में, Teradata कानूनी विभाग आपसे संपर्क करेगा. यदि आप पर या आपके द्वारा नियंत्रित या रखे गए दस्तावेज़ों या रिकॉर्ड्स पर कानूनी नियंत्रण होने पर, आपको कानूनी नियंत्रण निर्देशों के अधीन सभी संबंधित रिकॉर्ड्स रखना चाहिए.

जालसाज़ी का लाल ध्वजांकन

- ऐसा व्यक्ति जो कार्यालय में कार्यसमय से अधिक बिना किसी वैध व्यवसायिक कारण से रूका है.
- ऐसा व्यक्ति जो गुपचुप तरीके से बिना किसी वैध व्यवसायिक कारण के कंपनी के रिकॉर्ड या कंपनी के ऐसे रिकॉर्ड जो उसके कार्य दायित्वों से संबंधित नहीं है उनको एक्सेस कर रहा है/कॉपी कर रहा है.
- ऐसा व्यक्ति जिसकी जीवनशैली उसकी आय से अधिक दिखाई देती है.
- ऐसा व्यक्ति जिसमें व्यक्तिगत स्थिरता का अभाव है; ऐसा व्यक्ति जिसे घरेलू जीवन या कार्य जीवन में एक भावनात्मक आघात का सामना करना पड़ रहा है; ऐसा व्यक्ति जो अनावश्यक/अनुचित परिवार, कंपनी, समुदाय, वित्तीय, या जीवन शैली की अपेक्षाओं का सामना कर रहा है.
- ऐसा व्यक्ति जो लगातार सिस्टम का उल्लंघन करने की, प्रक्रिया के साथ छेड़छाड़ या हेरफेर करने की या अपने प्राधिकारों की सीमाओं को पार करने की कोशिश करता है.
- कोई अनावश्यक मध्यस्थ/ठेकेदार प्रयोग किया गया है; कोई अयोग्य या पूरी-तरह-जाँचा-नहीं-गया मध्यस्थ/ठेकेदार प्रयोग किया गया है; किसी सहयोगी का किसी मध्यस्थ या ठेकेदार के साथ कोई अप्रकट व्यक्तिगत संबंध या व्यवस्था है.
- इनवॉइसों, खरीद आदेशों या कार्य के विवरणों के वर्णन या दिनांक, वास्तव में सम्मिलित/डिलीवर हुईं वस्तुओं/दिनांकों से मेल नहीं खाते हैं; एक लेनदेन-समूह के लिए इनवॉइसों या खरीद आदेशों को कई अलग-अलग इनवॉइसों या खरीद आदेशों में बाँटा गया है ताकि उन उच्चतर स्तर के अनुमोदनों से बचा जा सके जो तब आवश्यक होते जब एक बड़ी इनवॉइस या एक बड़ा खरीद आदेश होता.
- अनुमोदन के बिना Teradata की जानकारी/संपत्तियों/डेटा को व्यक्तिगत ईमेल पर ट्रांसफ़र करना; Teradata ईमेल खातों की बजाय व्यक्तिगत ईमेल का उपयोग.

सोशल मैसेजिंग, आईटी और नेटवर्क सिस्टम

सामाजिक नेटवर्किंग और इंटरनेट मुख्य व्यावसायिक टूल हैं. कार्य स्थल पर इंटरनेट और सामाजिक नेटवर्क का उपयोग या कंपनी की टेक्नॉलजी का उपयोग संहिता, हमारे मूल सिद्धांतों, और कंपनी की नीतियों के अनुरूप होना चाहिए. हम Teradata सूचना प्रौद्योगिकियों (उपकरण, सॉफ्टवेयर या नेटवर्किंग संसाधन) या किसी ग्राहक या व्यावसायिक भागीदार की सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग अपमानजनक, यौन-सूचक, भेदभाव, उत्पीड़न, अश्लील, गैरकानूनी या अन्य अनुचित डेटा या जानकारी को इकट्ठा या वितरित करने के लिए नहीं कर सकते हैं, चाहे वो कार्यालय समय के दौरान हो या बाद में.

ई-मेल संदेश, टेक्स्ट संदेश, त्वरित संदेश, ब्लॉग टिप्पणियाँ, twitter संदेश, सामाजिक नेटवर्किंग साइट संचार और वॉइसमेल संदेश संचार के आसान अग्रेषण, पता लगाने योग्य और पुनर्प्राप्त करने योग्य रिकॉर्ड बनाते हैं. Teradata IT सिस्टम, डिवाइसेस या नेटवर्क पर बनाए गए या उससे भेजे गए सभी संदेश या वे संदेश जो Teradata से संबंधित हैं उसी सावधानी से लिखे जाने चाहिए जिस सावधानी से आप कंपनी के लेटरहेड पर कोई पत्र लिखते हैं.

आपको यह मानना चाहिए कि ई-मेल, त्वरित संदेश, टेक्स्ट संदेश और अन्य प्रकार के सोशल नेटवर्किंग में आप जो भी कहते हैं वह अन्य लोगों द्वारा देखा जाएगा और यह बाहरी और आंतरिक जांच का विषय हो सकता है या कानूनी रूप से आवश्यक प्रकटीकरण के अधीन हो सकता है. ध्यान रखने के लिए और उन संसाधनों का उपयोग करने वाले या Teradata को संदर्भित या सम्मिलित करने वाले संचारों और दस्तावेज़ों की विषय-वस्तु पर लागू करने के लिए "समाचार-पत्र नियम" एक अच्छा सामान्य नियम है जो इस प्रकार है: यदि आपका संचार, अन्य किसी संदर्भ के बिना, दूसरों द्वारा पढ़े जाने के लिए समाचार-पत्र के पहले पन्ने पर छप जाए, तो क्या उसे Teradata के मूल सिद्धांतों और आचार संहिता के साथ सुसंगत माना जाएगा? यदि नहीं तो उसका उपयोग न करें, ना ही भेजें या पोस्ट करें.

हमारी सूचना प्रौद्योगिकी की सुरक्षा, अखंडता, और व्यापार उद्देश्यों को बनाए रखने और कानूनों, नियमों, गोपनीयता दायित्वों और संविदात्मक कर्तव्यों का पालन करने के लिए, हम सभी को Teradata, ग्राहक, और व्यावसायिक भागीदार सूचना प्रणालियों के अनधिकृत एक्सेस को रोकने के लिए पासवर्ड और पहचान कोड की सुरक्षा करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की आवश्यकता है.

Teradata के पास आपके द्वारा Teradata सिस्टम्स के उपयोग की, और अपने सिस्टम के माध्यम से या इसमें प्रेषित या संग्रहीत किसी भी संदेश की सामग्री की निगरानी करने का अधिकार सुरक्षित है. इसमें वह जानकारी शामिल है जो उपयोगकर्ता द्वारा हटाई गई या Teradata नेटवर्क पर प्रेषित की गई है. Teradata, ग्राहक या व्यवसाय भागीदार के कंप्यूटर या नेटवर्क पर ईमेल, इंटरनेट या इलेक्ट्रॉनिक संचार के अन्य रूपों का उपयोग करते समय आपको गोपनीयता (लागू कानूनों के ज़रिए आवश्यक) का उल्लंघन नहीं करना चाहिए. Teradata संसाधनों और इसके ग्राहकों और व्यापारिक भागीदारों के संसाधनों के उपयोग के लिए लागू होने वाली शर्तों और सीमाओं का सम्मान करने की Teradata हम सभी से अपेक्षा करता है और हम सभी को ऐसा करना आवश्यक है.

सामाजिक मीडिया या कर्मचारी की जानकारी की गोपनीयता से संबंधित प्रतिबंधों में से कोई भी प्रतिबंध कानूनी रूप से संरक्षित सम्मिलित गतिविधि में संलग्न होने के कर्मचारी के अधिकार को सीमित करने के लिए लक्षित नहीं है या सीमित करने के रूप में व्याख्या नहीं की जानी चाहिए.

इनसाइडर ट्रेडिंग

हो सकता है हमारे पास Teradata और उन कंपनियों के बारे नियमित रूप से जानकारियों पर एक्सेस हो जिन पर अन्य लोगों को ना हो, जिनके साथ हम व्यवसाय संचालन करते हैं या व्यवसाय संचालित करने का प्रस्ताव दे सकते हैं. इस जानकारी में गैर-सार्वजनिक जानकारी शामिल हो सकती है जो निवेशकों को कंपनी की प्रतिभूतियाँ (Teradata या अन्य शामिल कंपनियों के शेयर और ऑप्शन सहित) खरीदने, बेचने या अन्य रूप से ट्रैड करने के लिए प्रेरित कर सकती है जैसे कि अधिग्रहण, विनिवेश, प्रबंधन परिवर्तन, या वित्तीय परिणामों या अनुमानों के बारे में गैर-सार्वजनिक जानकारी.

इनसाइडर ट्रेडिंग Teradata, इसके ग्राहक, इसके व्यावसायिक भागीदार, या अन्य लोग जिनके साथ Teradata के व्यापारिक संबंध है या संबंध बनाने को लेकर विचार कर रहे हैं के बारे में गैर-सार्वजनिक जानकारी की सामग्री होने के आधार पर प्रतिभूतियों को खरीदने, बेचने या अन्यथा ट्रेडिंग करने की एक गैरकानूनी क्रिया है. इनसाइडर ट्रेडिंग हमारी संहिता का एक गंभीर उल्लंघन है, Teradata इनसाइडर ट्रेडिंग नीति (कॉर्पोरेट प्रबंधन नीति **CMP 922** और **CMP 922Q** देखें) और राज्य व संघीय प्रतिभूति कानून के तहत इस ट्रेडिंग में शामिल में कोई भी व्यक्ति तुरंत नौकरी समाप्ति और संभावित आपराधिक मुकदमों के विषयाधीन हो सकता है.

"टिपिंग" (अंदर की खबरें बाहर देना) भी हमारी नीतियों, संहिता और प्रतिभूति कानून का उल्लंघन है जिसके समान परिणाम हो सकते हैं. टिपिंग तब होती है जब आप किसी व्यक्ति को गैर-सार्वजनिक भौतिक जानकारी प्रदान करते हैं, चाहे अनजाने में दें, और वह व्यक्ति उस जानकारी का उपयोग प्रतिभूतियों को खरीदने, बेचने या अन्यथा ट्रैड करने के लिए करें या किसी अन्य व्यक्ति को ऐसा करने के लिए टिप्स दें. Teradata, हमारे ग्राहक, हमारे व्यावसायिक भागीदार, या अन्य लोगों जिनके परिवार के सदस्यों, मित्रों या अन्य तीसरे पक्षों के साथ Teradata के व्यावसायिक संबंध है या व्यावसायिक संबंध बनाने पर विचार कर रहा है आदि के बारे में किसी भी गैर-सार्वजनिक सूचना को प्रकट न करने के लिए हमें सावधान रहना चाहिए.

Teradata इनसाइडर ट्रेडिंग नीति के अंतर्गत, ऐसे सहयोगियों को प्रतिबंधित इनसाइडर के रूप में माना जाएगा और स्वचालित रूप से निश्तित समयावधि के दौरान ट्रेडिंग के लिए "ब्लैक-आउट" किया जाएगा. आंतरिक जानकारी होने पर या प्रतिबंधित इनसाइडर की भूमिका में कार्य करने के दौरान यदि आपके पास प्रतिभूतियों की ट्रेडिंग को लेकर कोई प्रश्न या कोई चिंता है, तो Teradata इनसाइडर ट्रेडिंग नीति को देखें और यदि फिर भी कोई संदेह है तो इससे पहले कि आप ट्रेडिंग करें आपको अधिक मार्गदर्शन के लिए कानून विभाग के संपर्क करना चाहिए.

बाह्य कंपनी संचार

हमारी प्रतिष्ठा प्रभावी रूप से प्रबंधित और सुरक्षित है यह आश्वस्त करने में मदद करने के लिए, मीडिया आउटलेट्स के साथ किए जाने वाले ऐसे सभी संचार जिनमें Teradata शामिल हो या जिनसे Teradata संबंधित हो, Teradata जनसंपर्क/संचार संगठन के माध्यम से किए जाने चाहिए. उसी तरह, उपस्थिति-पत्र एवं सरकारी पूछताछ और निरीक्षण अनुरोधों के लिए सभी प्रतिक्रियाएँ Teradata कानूनी विभाग के माध्यम से संचालित की जानी चाहिए. सभी व्यवसायिक और वित्तीय परिणामों का प्रकटीकरण केवल तभी किया जाना चाहिए जब वे Teradata नीतियों (**CMP 110** देखें) के अंतर्गत और Teradata प्रकटीकरण समिति द्वारा अधिकृत हो. इससे हमें यह सुनिश्चित करने में सहायता मिलती है कि संचारित या तैयार की जाने वाली जानकारी Teradata नीतियों और प्रकटीकरण कानूनों, नियमों, और कानूनी आवश्यकताओं के अनुसार सुसंगत, सही और अनुरूप है.

राजनीतिक एवं परोपकारार्थ गतिविधियाँ

Teradata सहयोगियों को उनकी पसंद की सामुदायिक और राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है. लेकिन कोई भी राजनीतिक संलिप्तता आपके स्वयं के समय में होनी चाहिए, स्वयं के संसाधन उपयोग करके न कि कंपनी के साथ जुड़े होने के रूप इस प्रकार प्रस्तुतिकरण या कंपनी की ओर से किया जा रहा है जब तक कि Teradata कानून विभाग से-अग्रिम-स्पष्ट अनुमति न हो.

Teradata जहाँ व्यवसाय करता है उनमें से बहुत-से स्थानों पर राजनीतिक योगदान और गतिविधियों को संचालित करने वाले निगमों के कानून और नियम भिन्न और जटिल हो सकते हैं. एक सामान्य नियम के रूप में बिना Teradata कानून विभाग की लिखित अग्रिम अनुमति के हमें ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जिससे ऐसा लगे कि Teradata चुनाव के लिए किसी प्रत्याशी, राजनीतिक पार्टी या राजनीतिक पहल का समर्थन कर रहा है. तब भी, राजनैतिक गतिविधियों के अनुमन्य स्तर का निर्धारण Teradata के राजनीतिक गतिविधि नीति वक्तव्य, जो **https://www.teradata.com/About-Us/Corporate-Governance/Political-Activity-Policy-Statement** पर स्थित है, के द्वारा किया जाएगा.

एक कंपनी के रूप में हमने कई पहलों और नीतियों को अपनाया है जिसमें हम परोपकारी संस्थाओं और उन समुदायों का सहयोग करते हैं जिनमें हम प्रचालन करते हैं. हमारी कंपनी का एक प्रोग्राम भी है (Teradata Cares) जिसकी बहुत-सी चीज़ों में से एक है, हम सभी को कंपनी द्वारा प्रदान किए गए समय में दान/सामुदायिक स्वयंसेवक सेवा के लिए प्रोत्साहन प्रदान करना. इस प्रकार के उद्देश्यों के लिए Teradata संसाधनों की उपयोग की गई मात्रा प्रबंधित, कार्यान्वित की जानी चाहिए और इसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए. इससे हमें सही रास्ते पर बने रहने और टकरावों से बचने में सहायता मिलती है. यदि आप संशय में है कि आपके द्वारा कंपनी के संसाधनों का या कंपनी कार्य-समय का किसी परोपकारी या सामुदायिक प्रयोजन से उपयोग अनुमत या उपयुक्त है या नहीं, तो कृपया अपने प्रबंधक और/या मानव संसाधन प्रतिनिधि से अग्रिम में उसकी चर्चा करें और उनके मार्गदर्शन का पालन करें.

हमारी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करना

Teradata समर्पित व्यक्तियों की एक वैश्विक टीम है. हमने हमारे क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बनकर हमारे समर्पण के माध्यम से हमारे ग्राहकों का व्यवसाय और साझेदारी अर्जित की है.

हमारी प्रतिष्ठा की सुरक्षा करने के लिए, हमें उन समुदायों के कानूनों का पालन करना होगा जिनमें हम प्रचालन करते हैं, और उन समुदायों की प्रथाओं और परंपराओं का सम्मान करना होगा. साथ ही, हमें हमारी संहिता या नीतियों का उल्लंघन करने वाले किसी भी आचरण में शामिल नहीं होना चाहिए—भले ही उस आचरण को स्थानीय कानून अनुमति देते हों.

रिश्वतखोरी एवं भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता

हम भ्रष्ट्राचार और अन्य अनुचित कार्यों से मुक्त व्यापार करते हैं. Teradata और दुनियाभर में सभी जगह मौजूद उसके सभी लोग और टीम भ्रष्ट्राचार-रोधी, रिश्वत-रोधी और काले धन को वैध बनाने से रोकने के कानूनों के अधीन हैं, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका का विदेशी भ्रष्ट व्यवहार अधिनियम (FCPA), यू.के. रिश्वतखोरी अधिनियम, चीनी रिश्वत-रोधी कानून, और अन्य लागू कानून और अन्य वैश्विक आवश्यकताएँ शामिल हैं. इन कानूनों और Teradata नीतियों के अंतर्गत, हमें किसी को किसी भी प्रकार की रिश्वत या घूस ऑफ़र करना, देना, मांगना या प्राप्त नहीं करना चाहिए, न ही हम हमारी ओर से किसी तृतीय-पक्ष के एजेंट को ऐसा करने के लिए संलग्न कर सकते हैं.

रिश्वत का अर्थ है कोई अनुचित व्यापारिक बढ़त हासिल करने के लिए कोई मूल्यवान वस्तु देना, देने की पेशकश करना या देने का वचन देना। जरूरी नहीं कि रिश्वत नकद में हो. अनुचित उपहार, मनोरंजन या संपत्ति या सेवाएँ खरीदने के लिए बढ़ा हुआ भुगतान भी रिश्वत के रूप में माना जा सकता है. घूस पुरस्कार या व्यवसाय व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए पहले से भुगतान की गई राशि या भुगतान की जाने वाली राशि है.

FCPA और अन्य भ्रष्ट्राचार-रोधी और रिश्वत-रोधी कानूनों के उल्लंघन के गंभीर परिणाम होते हैं, जिनमें भुगतान प्राप्त करने या प्राप्त करने वाले व्यक्तियों या कंपनी पर जुर्माना भी शामिल है, साथ ही साथ जेल की सजा भी सकती है. हालांकि FCPA गैर-अमेरिकी सरकारी अधिकारियों के साथ व्यवहारों/सौदों पर विशिष्ट रूप से लागू होता है, पर Teradata *सभी* व्यापारिक सौदों में रिश्वतखोरी को निषिद्ध करती है. अमेरिकी और विदेशी सरकारी अधिकारियों के साथ गतिविधियों पर जो रिश्वतखोरी-विरोधी नियम लागू होता है वही नियम ग़ैर-सरकारी ग्राहकों और व्यापारिक साझेदारों के साथ किए जाने वाले सौदों पर भी लागू होता है.

भ्रष्टाचार-विरोधी और रिश्वतखोरी-विरोधी कानूनों का अनुपालक बने रहने के लिए, किसी सरकारी कर्मचारी को कोई भी मूल्यवान वस्तु प्रदान करने से पहले विशेष नियमों का पालन किया जाना चाहिए. ध्यान दें कि कुछ ग्राहक या Teradata साझेदार सरकारी निकाय के संपूर्ण या आंशिक स्वामित्व के अधीन हो सकते हैं. परिणाम स्वरूप, उन व्यवसायों के निदेशकों, प्रबंधकों, कर्मचारियों, ठेकेदारों और अन्य प्रतिनिधियों को सरकारी अधिकारी समझा जा सकता है. ऐसी स्थितियों में, आमतौर पर सामान्य और उचित व्यापार मनोरंजन या उपहारों की तब अनुमति होती है जब वे लागू समुदाय में प्रथागत और कानून के अनुसार होते हैं, बशर्ते वे Teradata की नीतियों का पालन करते हों. मौद्रिक सीमाओं, अनुमोदन-पूर्व आवश्यकताओं, और अन्य विचार योग्य बिंदुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया Teradata उपहार एवं मनोरंजन नीति (**CMP 912**) को देखें, नीचे दिया गया संहिता का वह अनुभाग जो उपहारों एवं मनोरंजन के साथ अधिक विशिष्ट रूप से संबंधित है, को देखें या कदम उठाने से पहले Teradata कानूनी विभाग से परामर्श करें.

यू.एस. से बाहर के कुछ देशों में, निचले स्तर के सरकारी अधिकारियों को सुविधाजनक भुगतान के लिए स्थानीय कानून या व्यवसाय प्रथाओं के अंतर्गत अनुमति लेना आवश्यक हो सकता है. सुविधाजनक भुगतान (कभी-कभी इन्हें "ग्रीस" भुगतान कहते हैं) वे छोटे-छोटे भुगतान होते हैं, जो नकद में किए जाते हैं, जिनका मकसद पेपरवर्क या अनुमति लेने जैसी दैनिक सरकारी प्रशासकीय प्रक्रियाओं के कार्यों में तेजी लाना है. हालांकि, यह बताना मुश्किल होता है कब सुविधाजनक भुगतान अपनी सीमा पार करता है और रिश्वत का रूप ले लेता है. आपकी और कंपनी की सुरक्षा के लिए Teradata सभी प्रकार के सुविधाजनक भुगतानों को प्रतिबंधित करता है. रिश्वत या घूसखोरी की मांग सहित सुविधाजनक भुगतान की सभी माँगों के बारे में आपको तुरंत Teradata कानून विभाग को रिपोर्ट करना चाहिए.

Teradata की वैश्विक भ्रष्टाचार-रोधी नीति (**CMP 904**) रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार और कालाधनशोधन के प्रति शून्य सहनशीलता व्यक्त करती है. Teradata के सभी लोगों को इस नीति का पालन करना अनिवार्य है.

Teradata ने तृतीय पक्ष की जरूरी जाँच पड़ताल से संबंधित विभिन्न प्रकार की प्रक्रियाएँ, टूल्स और नियंत्रण अपनाए हैं. इनका उद्देश्य भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल होने वाले ज्ञात तृतीय पक्षों की जाँच करना और उनसे लेन-देन करने से बचना है. ये साथ ही यह भी भरोसा दिलाने में मदद करती है कि उच्च जोखिम या लाल ध्वजांकित तृतीय पक्षों के साथ लेन-देन के समय सभी लागू कानूनी आवश्यकताओं पालन किया गया है और प्रतिष्ठा के जोखिम को ध्यान में रखा गया है, यह सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए अतिरिक्त और पारदर्शी सावधानियाँ बरती गई हैं. Teradata के सभी लोगों को इन प्रक्रियाओं और टूल्स का पालन करना अनिवार्य है.

भ्रष्टाचार-विरोधी मार्गदर्शन

प्रश्न: गैर-अमेरिकी दूरसंचार कंपनी का अधिकारी या आंशिक तौर पर सरकार के स्वामित्व वाला एक अधिकारी यदि आपसे यह कहता है कि अगर Teradata निम्न कार्य करेगा तो Teradata को लंबित व्यापार अवसरों में लाभदायक प्रस्ताव मिलेगा: अधिकारी के बेटे को नियुक्ति देना; अधिकारी के भाई की कंपनी को उप-ठेका देना; अधिकारी के भतीजे/भतीजी के लाभ पहुँचाने वाले छात्रवृत्ति कोष को धर्मार्थ दान देना; या अन्यथा किसी वैध व्यापार यात्रा पर अधिकारी के साथ आने वाले उनके परिवार के खर्चों को वहन करना. आपको क्या करना चाहिए?

उत्तर: आपको अनुरोध अस्वीकार कर देना चाहिए, और तुरंत इसकी अपने प्रबंधक और Teradata कानून विभाग को रिपोर्ट करना चाहिए. आप और/या आपके प्रबंधक को तुरंत Teradata नैतिकता और अनुपालन कार्यालय को इसकी रिपोर्ट करना चाहिए. संयुक्त राज्य अमेरिका का विदेशी भ्रष्ट व्यवहार अधिनियम (FCPA) वैश्विक रूप से यू.एस. आधारित कंपनियों और इसकी सहायक कंपनियों पर लागू होता है जो गैर अमेरिकी राज्य के स्वामित्व वाले उपक्रम के अधिकारियों के साथ व्यवहार करते हैं जैसे कि इस परिदृश्य में दूरसंचार कंपनी या बैंक शामिल है. अधिकारियों या उनके परिवार के लिए निजी स्वार्थ के बदले ऐसे अधिकारियों के साथ व्यापारिक लेन-देन में व्यापार, अनुरोध या अनुकूल व्यवहार करने की पेशकश करना निषिद्ध है, चाहे वह नकद हो, नकद समकक्ष हो या कोई वस्तु हो (जैसे नौकरी प्रदान करना, कोई उप-ठेका, कोई धर्मार्थ छात्रवृत्ति या यात्रा जो उनके परिवार के सदस्यों को यहां लाभ देते हों) और तुरंत इसकी रिपोर्ट की जानी चाहिए.

आयात और निर्यात अनुपालन

Teradata के लिए, एक उच्च तकनीक वाली कंपनी के रूप में विश्व बाजार में भाग लेने के लिए, हमें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और आव्रजन कानूनों एवं प्रतिबंधों के बारे में विशेष रूप से अवगत होना चाहिए. संयुक्त राज्य अमेरिका सहित अधिकांश देशों से माल और प्रौद्योगिकी का निर्यात कड़ाई से विनियमित होता है. दूसरे देश में किसी व्यक्ति से तकनीकी जानकारी का संचार करना (या किसी नागरिक या किसी अन्य देश के प्रतिनिधि, यहां तक कि यदि वह व्यक्ति अस्थायी रूप से उसी देश में स्थित है, जिस देश में आप हैं) कानून के तहत एक निर्यात माना जा सकता है. क्या कोई उत्पाद या तकनीक निर्यातित मानी जा सकती है यह कई कारकों पर निर्भर करती है, जिसमें आइटम की प्रकृति, गंतव्य देश, और अभिप्रेत अंतिम उपयोग और उपयोगकर्ता शामिल है.

निर्यात संबंधित गतिविधि और ऐसी गतिविधियों को नियंत्रित करने वाले कानून के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी निर्यात अनुपालन नीति (**CMP 919**) या कानूनी विभाग से संपर्क करें.

Teradata को सभी लागू आयात संबंधित कानूनों और विनियमों का पालन करना आवश्यक है. ये कानून आमतौर पर किसी देश में कौन सी चीज़ें आयात हो सकती है, वस्तुओं को कैसे चिह्नित, वर्गीकृत और मूल्यांकन करें और उन वस्तुओं पर कौन से शुल्क और कर देने होंगे आदि को नियंत्रित करते हैं. आयात और निर्यात नियमों दोनों का उल्लंघन करने के गंभीर अर्थदंड हो सकते हैं. यदि आप Teradata की आयात प्रक्रिया से जुड़े हुए हैं, तो आपको कंपनी की आयात अनुपालन नीति (**CMP 917**) को पढ़ना और समझना चाहिए. आयात संबंधी विनियमों के बारे में मार्गदर्शन के लिए, अपने संगठन के प्राधिकृत आयात अनुपालन संपर्क या Teradata कानून विभाग से सलाह लें.

Teradata हम सभी से अपेक्षा करता है कि हम सभी लागू आयात और निर्यात नियंत्रण कानूनों और विनियमों का पालन करें. रिश्वत और भ्रष्टाचार के जोखिम को रोकने और घटाने के साथ-साथ व्यापार प्रतिबंधों और अनुमोदनों का पालन करने के लिए डिज़ाइन किए गए तृतीय पक्ष तृतीय पक्ष की जरूरी जाँच पड़ताल से संबंधित टूल्स और नियंत्रणों से हम इन कानूनों और प्रक्रियाओं की पूर्ति करते हैं. हमें यह सुनिश्चित करते हुए प्रभार दिया गया है कि हम ये समझते हैं कि हमारे ग्राहक कौन हैं, हमारे उत्पादों का उपयोग कौन करेगा और हमारे उत्पादों का अंतिम गंतव्य क्या है.

एक यू.एस. आधारित कंपनी होने के नाते हम कुछ खास देशों, व्यक्तियों या निकायों के साथ व्यापार करने प्रतिबंधों के अधीन हैं. निश्चित अन्य देशों, समूहों या ग्राहकों की बहिष्कार, व्यापारिक प्रतिबंध या अन्य व्यापारिक प्रतिबंध लागू करने के प्रयास से संबंधित कार्रवाइयां संयुक्त राज्य की व्यापार नीतियों के साथ अनुपयुक्त होने पर हमें ऐसी कार्रवाइयां करने से भी निषेध किया जाता है (उदाहरण के लिए, इजरायल के साथ व्यापार को प्रतिबंधित करने या प्रतिबंधित करने के लिए कुछ प्रयास). हम किन-किन व्यक्तियों के साथ व्यापार नहीं कर सकते हैं और कौन-कौनसी बहिष्कार एवं घाटबंदी (व्यापार निषेध) गतिविधियां निषिद्ध हैं इसके बारे में हम विस्तृत नीतियाँ (**CMP 903** और **CMP 919**) और नियमित रूप से अपडेट की जाने वाली सूचियाँ (उदाहरण के लिए, अस्वीकृत पक्षों की सूची) रखते हैं. आपके काम पर लागू हो सकने वाले व्यापार और आर्थिक प्रतिबंधों के बारे में यदि आपके मन में कोई प्रश्न हैं, तो कृपया कानून विभाग से संपर्क करें.

उपहार और मनोरंजन

उपहार का मूल्य वस्तु, सेवाएँ, यात्रा, आवास, भोजन और मनोरंजन के रूप में कुछ भी हो सकता है, भले ही देने वाला उपस्थित न हो. उपहार देने वाले व्यवहार पूरी दुनिया में अलग-अलग होते हैं. व्यापारिक उपहार और मनोरंजन एक प्रकार का शिष्टाचार है जो कि ग्राहकों और व्यापारिक भागीदारों के साथ अच्छे कार्य संबंध बनाने के लिए परिकल्पित किया गया है. पर यदि उपहार अत्यधिक हों, दायित्व उत्पन्न करते हों, या किसी व्यावसायिक निर्णय को अनुचित या भ्रष्ट ढंग से प्रभावित करने के इरादे से दिए जाएं तो वे अनुपयुक्त होते हैं.

उपहार सामान्य तौर पर तभी अनुमत होते हैं, जब वे:

- कम मूल्यवान हों
- कभी-कभार दिए जाएं
- खुले ढंग से प्रदान किए गए हों
- अयाचित हों
- नकद या नकद समकक्ष (जैसे कोई ऋण, स्टॉक या गिफ़्ट सर्टिफ़िकेट) नहीं हों
- ऐसे हों जिसे किसी स्वतंत्र प्रेक्षक द्वारा उपयुक्त माना जाए (उदाहरण के लिए, हमें किसी वयस्क यौन वृत्ति वाले स्थान या सेवाएं या मनोरंजन न तो प्रदान करने चाहिए और न उनका भुगतान करना चाहिए)
- जिस क्षेत्र में दिए गए हैं वहां के स्थानीय कानूनों के अनुसार वैध हों और अन्य कंपनी की नीतियों के साथ सुसंगत हों

Teradata नीतियों (**CMP 912**) के तहत उपहारों के लिए अधिकतम अनुमन्य सीमा USD $100 और मनोरंजन के लिए USD $200 है. विभागनुसार, स्थानीय या टीम नीतियों, नियमों या स्थानीय कानून अनुसार निचली सीमाएँ लागू हो सकती हैं (उदाहरण के लिए, वे लोग जो सरकार से पूर्ण स्वामित्व या आंशिक स्वामित्व वाले उपक्रम के सरकारी अधिकारियों या प्रतिनिधियों के प्रबंधन या मनोरंजन में शामिल हैं).

यदि आपको किसी ऐसे उपहार या मनोरंजन की पेशकश की जाए जिसकी अनुमति नहीं है या जो Teradata नीतियों में वर्णित राशियों से अधिक है, तो आपको विनम्रता के साथ यह समझाना चाहिए कि Teradata की नीतियां आपको उसे स्वीकारने की अनुमति नहीं देती हैं. यदि आप स्वयं को किसी ऐसी स्थिति में पाते हैं जहाँ उपहार को अस्वीकृत करने पर पेशकश करने वाले व्यक्ति को शर्मिंदा या अपमानित महसूस होगा तो आप Teradata की ओर से उस उपहार को स्वीकार कर सकते हैं और फिर अपने प्रबंधक को तुरंत इसकी रिपोर्ट करें.

आपको हमेशा अन्य कंपनियों की नीतियों और आचार संहिता का सम्मान करना चाहिए. यदि कोई उपहार या मनोरंजन Teradata की नीति के तहत स्वीकार्य है लेकिन प्राप्तकर्ता की नीति या कोड़ के अनुसार निषिद्ध है, तो आपको उपहार की पेशकश नहीं करना चाहिए. अभी तक, याद रखने वाली सबसे महत्वपूर्ण बातें यह हैं कि आप ऐसी किसी भी चीज़ की पेशकश नहीं कर सकते हैं, नहीं दे सकते हैं, मांग नहीं सकते हैं या प्राप्त नहीं कर सकते हैं जिससे प्राप्तकर्ता की निष्पक्ष व्यवसायिक निर्णय लेने की क्षमता पर असर पड़े—या असर पड़ता दिखाई दे—और यह कि आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि उपहार एवं मनोरंजन प्रबंधन के समक्ष पारदर्शी हों और उपयुक्त कंपनी दस्तावेज़ों में उन्हें सही प्रकार से दर्शाया व प्रकट किया जाए. यदि आपको किसी ग्राहक प्रतिनिधि को कोई उपहार या मनोरंजन प्रदान करने के लिए अपने खुद के पैसों या अन्य संसाधनों का उपयोग करना हो तो भी आपको इन आवश्यकताओं का अनुपालन करना ही होगा।

सरकारी ग्राहक प्रतिनिधियों से व्यवहार करते समय, आपको विशेष सावधानी बरतनी चाहिए. कानून कुछ सरकारी कर्मचारियों को कोई भी मूल्य वाली वस्तु, यहां तक कि मामूली लंच, कॉफी का एक कप या एक टोकन आइटम जैसे Teradata लोगो वाले भोजन या प्रचारक आइटम को प्राप्त करने से रोकता है.

पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा अनुपालन

एक सर्वोत्तम कार्यस्थान बनाने की हमारी वचनबद्धता को बनाए रखने के लिए, Teradata उन सभी समुदायों में लागू होने वाले पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा (EH&S) के कानून, नियम और विनियमों का पालन करता है, जहां हम व्यवसाय करते हैं. हमने सभी सहयोगियों के लिए EH&S पुस्तिका, EH&S नीतियाँ, EH&S मानक संचालन प्रक्रियाएँ, अनिवार्य EH&S रिपोर्टिंग आवश्यकताएँ और अनिवार्य EH&S प्रशिक्षण तैयार किए हैं. इनसे संबंधित जानकारी उपलब्ध है (**CMP 601** देखें); इनमें से अधिकतर जानकारी **Teradata.com** पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है.

सामाजिक उत्तरदायित्व

हमारी अग्रसक्रिय पर्यावरण स्थिरता, मानवाधिकार, और अन्य संबंधित कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहलें भी हैं जैसे: हमारे उत्पादों में खतरनाक सामग्री की उपस्थिति से संबंधित विनियमों का अनुपालन; इलेक्ट्रॉनिक कचरे की रिसायक्लिंग; जहां संभव हो वहां उत्सर्जन घटाने के प्रयास; उत्पाद मानक; संघर्ष खनिज मानवाधिकार प्रतिबद्धताएं; हमारी आपूर्तिकर्ता आचारसंहिता का आवश्यक अनुपालन; और ज़िम्मेदार व्यावसायिक गठबंधन [रेस्पॉन्सिबिल बिज़नेस अलाइंस, RBA] आचार संहिता के सिद्धांतों तथा संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समझौते (UN ग्लोबल कॉम्पेक्ट) के सिद्धांतों को हमारे व्यवसाय में सम्मिलित किया जाना. इनसे और अन्य कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी **https://www.teradata.com/About-Us/Corporate-Social-Responsibility** पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है.

यदि आपको कोई प्रश्न पूछना हो, या आपको किसी असुरक्षित स्थिति का या EH&S कानूनों, विनियमों, नीतियों, मानक प्रचालन कार्यविधियों के संभावित उल्लंघन का, या स्थिरता, मानवाधिकार और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की हमारी प्रतिबद्धताओं के संभावित उल्लंघन का पता चले, तो आपको तुरंत अपने प्रबंधक, इकाई प्रबंधक, कानूनी विभाग, या नैतिकता व अनुपालन कार्यालय को उसकी सूचना देनी चाहिए.

मानव अधिकार

Teradata यूनाइटेड नेशंस ग्लोबल कॉम्पैक्ट के दस सिद्धांतों का अनुसरण करता है, जो कि निम्नलिखित है.

- सिद्धांत 1: व्यवसायों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घोषित मानव अधिकारों की सुरक्षा का सम्मान और समर्थन करना चाहिए; और
- सिद्धांत 2: सुनिश्चित करें कि वे मानव अधिकारों के दुरुपयोग में शामिल नहीं हैं.

श्रम

- सिद्धांत 3: व्यवसायों को संस्था की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार की प्रभावी मान्यता को बनाए रखना चाहिए;
- सिद्धांत 4: जबरन और अनिवार्य श्रम के सभी रूपों को समाप्त करना चाहिए;
- सिद्धांत 5: बाल श्रम का प्रभावी उन्मूलन; और
- सिद्धांत 6: रोजगार और व्यवसाय के संबंध में भेदभाव को समाप्त करना चाहिए.

पर्यावरण

- सिद्धांत 7: व्यवसायों को पर्यावरणीय चुनौतियों के लिए एहतियाती दृष्टिकोण का समर्थन करना चाहिए;
- सिद्धांत 8: अधिक से अधिक पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने की पहल करना चाहिए; और
- सिद्धांत 9: पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियों के विकास और प्रसार को प्रोत्साहित करना चाहिए.

भ्रष्टाचार-विरोधी

- सिद्धांत 10: व्यवसायों को भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी सहित सभी प्रकार के भ्रष्टाचार के विरूद्ध काम करना चाहिए.

नवाचार का अनुसरण करना

हम सभी को Teradata की स्वामित्वाधीन जानकारी के प्रबंधन के लिए बनाए गए नियमों के पालन में एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए. एक व्यक्ति और एक कंपनी के रूप में हमारी भविष्य की उपलब्धियाँ हमारी संचित संपत्तियाँ, ज्ञान और प्रशिक्षण के आधार पर निर्मित होती हैं. यह अत्यावश्यक है कि हम Teradata के बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा करें. हमें दूसरों के बौद्धिक संपदा अधिकारों को भी समझना होगा और उनका सम्मान करना होगा, तथा उन अधिकारों का - जानबूझकर या अनजाने में - उल्लंघन नहीं करना होगा।

स्वामित्वाधीन एवं गोपनीय जानकारी

जानकारी एक महत्वपूर्ण Teradata पूंजी है. इसमें हमारी बौद्धिक संपदा और अन्य सुरक्षित जानकारी जैसी निम्न जानकारियाँ शामिल है:

- व्यावसायिक रहस्य, अन्य गोपनीय जानकारी, पेटेंट, ट्रेडमार्क और कॉपीराइट;
- अनुसंधान और विकास, जिसमें नई खोज, पेटेंट की अर्जी और इंजीनियरिंग रिकॉर्ड्स शामिल हैं;
- नेटवर्क प्रबंधन जानकारी;
- व्यवसाय, मार्केटिंग और सेवा योजनाएँ;
- ग्राहक और संभावित ग्राहक की पहचान;
- कीमत-निर्धारण और अन्य कोटेशन, प्रस्ताव और अनुबंध की शर्तें;
- विलय और अधिग्रहण के प्रत्याशी;
- अप्रकाशित वित्तीय योजनाएँ, डेटा, रिपोर्ट्स और अनुमान;
- Teradata प्रमाणित पेशेवर कार्यक्रम (TCPP) की परीक्षा/परीक्षण सामग्री; और
- लिखित अप्रकटीकरण/गोपनीयता अनुबंध के अधीनस्थ्य जानकारी.

हालांकि हमारे परस्पर जुड़े कार्यस्थल में जानकारी साझा करना अनिवार्य है, लेकिन Teradata की जानकारी की रक्षा करना, इसे अनाधिकृत लोगों के हाथ में जाने से बचाना, और यह सुनिश्चित करना कि यह केवल वैध Teradata व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए उपयोग की जा रही है, यह हमारी ज़िम्मेदारी है. हम जिन कंपनियों के साथ व्यवसाय करते हैं उनके स्वामित्व वाली जानकारी की सुरक्षा करना आवश्यक है, जैसे अनाधिकृत प्रकटीकरण और उपयोग के विरुद्ध हमारे ग्राहकों और व्यावसायिक भागीदारों की.

इसके अतिरिक्त, हमारे कार्य के दौरान हम में से कुछ लोगों को सहयोगियों, ग्राहकों और व्यावसायिक साझेदारों द्वारा Teradata को सौंपी गई व्यक्तिगत जानकारी (जैसे, निजता कानूनों के तहत संरक्षित जानकारी) तक पहुंच मिल जाती है. यदि आपके कार्य में आपको इस प्रकार की जानकारी पर एक्सेस होती है, तो यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह सावधानी और सम्मान तथा सभी कानूनी आवश्यकताओं के अनुपालन में उपयोग किया जा रहा है आपको सभी उचित सावधानियाँ बरतना आवश्यक है. यह केवल वैधानिक व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाना चाहिए, और केवल उन्हीं लोगों को एक्सेस होनी चाहिए जिन्हें अपना कार्य करने के लिए इसे जानना आवश्यक है. हमें बिना उचित अनुमति के यह जानकारी सहयोगियों के साथ साझा नहीं करनी चाहिए या सीमा पार नहीं भेजनी चाहिए. आपको किसी भी गोपनीय और/या निजी जानकारी वाले दस्तावेज़ या ई-मेल पर *Teradata गोपनीय जानकारी* का लेबल लगाने की सावधानी बरतनी चाहिए.

चूंकि गोपनीय जानकारी हमेशा चिह्नित नहीं होती, इसलिए यदि आप जानकारी की सुरक्षा के संबंध में अनिश्चित हैं कि उपयोग या प्रकटीकरण उचित है या नहीं, तो जानकारी प्रकट करने से पहले लागू Teradata नीतियों (जैसे **CMP 1402** और **CMP 204**) की समीक्षा करें और अपने प्रबंधक या Teradata कानूनी विभाग से पूछें.

तृतीय बौद्धिक संपदा

Teradata अपने विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं और प्रतिस्पर्धियों की बौद्धिक संपदा का सम्मान करता है, और अपेक्षा करता है कि अन्य तृतीय पक्ष भी Teradata की बौद्धिक संपदा का सम्मान करेंगे. प्रत्येक Teradata सहयोगी को केवल सही तरीके से लाइसेंसीकृत सॉफ़्टवेयर या अन्य बौद्धिक संपदा उपयोग करनी चाहिए. हमारे सहयोगियों को Teradata Procurement या IT टीमों को जानकारी न होने या उनकी स्वीकृति के बिना सॉफ़्टवेयर या अन्य बौद्धिक संपदा डाउनलोड नहीं करनी चाहिए. आपको इस बात से भी अवगत होना चाहिए कि किसी भी Teradata उत्पादित सामग्री, जैसे Microsoft@ PowerPoint® या अन्य प्रस्तुतियों, में स्टॉक फ़ोटोग्राफ़ी, संगीत, ओपन सोर्स कोड या पाठ उपयोग करना कंपनी को जोखिम में डाल सकता है. आपको सुनिश्चित करना आवश्यक है कि Teradata या उसके विक्रेताओं के पास ऐसी कोई भी सामग्री प्रस्तुतिकरणों या अन्य मीडिया में उपयोग किए जाने से पहले उचित लाइसेंस और क्षमता है.

Teradata बौद्धिक संपदा के संबंध में हम ओपन सोर्स कंप्यूटर कोड उपयोग कर सकते हैं, जो अक्सर आसानी से उपलब्ध होता है. लेकिन, कुछ ओपन सोर्स कंप्यूटर कोड की लाइसेंसीकरण शर्तों का मतलब हो सकता है कि संबंधित (या फिर असंबंधित) Teradata बौद्धिक संपदा सार्वजनिक डोमेन में रखी जा सकती है. यदि ओपन सोर्स कंप्यूटर कोड हमारे उत्पादों में विशिष्ट तरीकों से एम्बेड होता है या ऐसी स्थिति से बचने के लिए विशेष आवश्यकताओं के अनुसार उपयोग न होना एक चिंता का विषय है.

Teradata ने बौद्धिक संपदा और मुक्त स्रोत विषय-वस्तु नीतियों, परिपाटियों और कार्यविधियों को अपनाया है और लागू किया है. इस प्रकार की गतिविधियों से जुड़े सहयोगियों को इन्हें जानना और इनका पालन करना आवश्यक है. यदि आपके पास बौद्धिक संपदा या ओपन सोर्स सामग्री के बारे में कोई प्रश्न है तो अपने प्रबंधक या Teradata कानून विभाग से संपर्क करें.

Teradata Certified Professional Programs

हमारी कंपनी पेशेवर प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए हमें संसाधन प्रदान करती है. प्रमाणपत्र परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को परीक्षा अध्ययन सामग्री और/या परीक्षा देने से पहले TCPP सुरक्षा नीति पढ़ना और समझना आवश्यक है. प्रमाणपत्र परीक्षा सामग्री (प्रश्न और उत्तर विकल्प दोनों) Teradata की बौद्धिक संपदा के भाग हैं और यह किसी से भी किसी भी प्रकार साझा या बताई नहीं जा सकती. हमारे स्वामित्व वाली सामग्री कॉपी, वितरित, पोस्ट, प्राप्त, डाउनलोड, खरीदने या बेचने वाले लोग या इकाइयाँ कानून, Teradata अधिकारों और Teradata नीतियों का उल्लंघन कर रहे हैं. सहयोगियों को इस प्रकार की किसी भी गतिविधि में शामिल होने से बचना चाहिए. यदि आपको इस प्रकार की किसी भी जानकारी के बारे में पता चलता है, तो आपको इसकी रिपोर्ट TCPP सुरक्षा से करनी चाहिए (**TCPP.Security@teradata.com**पर ई-मेल करें).

डेटा सुरक्षा

Teradata ने एक संगठन के रूप में उत्कृष्ट प्रतिष्ठा बनाई है जिसने हमारे ग्राहकों का विश्वास और सम्मान अर्जित किया है. हमें डेटा, जिसमें व्यक्तिगत जानकारी शामिल है, की गोपनीयता, अखंडता और उपलब्धता की सुरक्षा करके उस विश्वास और सम्मान को बनाए रखना चाहिए. हम सभी को गोपनीयता डेटा प्रसंस्करण और प्रबंधन के संबंधित सभी प्रक्रियाओं का अनुसरण करना आवश्यक है, जैसे कि:

- केवल अधिकृत व्यक्ति को वैध Teradata व्यावसायिक प्रयोजनों के लिए और संबद्ध समयावधियों के दौरान एक्सेस की अनुमति देना (उदा. जानने की आवश्यकता के आधार पर कानूनी और वैध अनुमति वाले Teradata सहयोगी और व्यावसायिक साझेदार).
- पासवर्ड्स और उन पासवर्ड्स से एक्सेस की जाने वाली टेक्नोलॉजी पर करीबी नज़र रखना.
- प्री-टेस्टिंग या फ़िशिंग जैसे प्रयासों के माध्यम से असुरक्षित या अनधिकृत लोगों का डेटा, निधि या अनुमोदनों पर एक्सेस मांगने पर तत्काल मददगार होने का विरोध करना.
- हमारी डेटा प्रबंधन नीतियों और सूचना संरक्षण मानकों के अनुसार और उनका अनुपालन करते हुए सावधानीपूर्वक बैकअप बनाए रखना.
- Teradata या उसके ग्राहकों का गोपनीय डेटा अपने व्यक्तिगत ईमेल/डिवाइस पर कभी नहीं भेजना.

यदि आपको किसी डेटा सुरक्षा से जुड़ी घटना, उल्लंघन या सेंध का पता चलता है भले ही वह कितना छोटा क्यों न हो, इसकी तुरंत रिपोर्ट करने का आपका Teradata और हमारे ग्राहकों के प्रति दायित्व है ताकि हम क्षति का समाधान कर सके या उसे सीमित कर सके, लागू कानून, नियमों या अनुबंधों की आवश्यकतानुसार क्षतिपूर्ति या प्रकटीकरण कर सकें और जितनी जल्दी हो यथासंभव और पूरी तरह से अन्य डेटा और गोपनीयता सुरक्षा कानूनों और विनियमों का पालन करने के लिए कदम उठा सकें. डेटा सुरक्षा सेंध की उपेक्षा करने का कोई विकल्प नहीं है.

हम सभी को हमारी वैश्विक निजता नीति को पढ़ना व समझना चाहिए और उसका अनुपालन करना चाहिए; यह नीति **https://www.teradata.com/Privacy** पर उपलब्ध है.

हमारे उद्योग को बढ़ाकर सबसे आगे ले जाना

Teradata में हम आक्रामक, किंतु उचित ढंग से प्रतिस्पर्धा करते हैं, और हम सही रवैये के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं. हम उचित प्रतिस्पर्धा के नियमों और सर्वोत्तम कार्यप्रथाओं का पालन करते हैं. हम अपने सभी बाज़ार सेगमेंट में विश्व स्तरीय और श्रेणी में सबसे बेहतर बनने के लिए जीतोड़ कोशिश करते हैं. साथ ही, हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट सत्यनिष्ठा हमारे मिशन के आधार हैं.

उचित रूप से प्रतिस्पर्धा

हम कहाँ संचालन करते हैं इस पर ध्यान दिए बिना टेराडाटा योग्यता, हमारे उत्पादों की नवीनता और गुणवत्ता, सेवाओं, लोगों और व्यावसायिक भागीदारों के आधार पर सफल होने के लिए प्रतिबद्ध है. हम प्रतिस्पर्धा की सुरक्षा और वैश्विक स्तर पर मुक्त एंटरप्राइज़ के लिए उद्देशित कानून का अनुपालन करते हैं, जिसमें एकाधिकार व्यापार विरोधी कानून या उचित प्रतिस्पर्धा कानून शामिल है.

उचित प्रतिस्पर्धा कानून के अंतर्गत हो सकता है हम किसी प्रतिस्पर्धी के साथ ऐसा अनुबंध न करें जिससे प्रतिस्पर्धा प्रतिबंधित होती है. गैरकानूनी अनुबंध ज़रूरी नहीं कि हस्ताक्षरित अनुबंध हों. यह दो प्रतिस्पर्धियों के बीच एक मौखिक समझ जैसी सरल चीज़ भी हो सकती है. प्रतिस्पर्धियों के बीच किसी भी प्रकार का समन्वय या सांठ गांठ गंभीर बात है और यह आपको और Teradata दोनों को जोखिम में डालता है.

प्रतिस्पर्धियों के साथ बातचीत करते समय आपको इनमें से कोई भी मुद्दा उठाना, विचार-विमर्श या समाधान नहीं करना चाहिए:

- क्षेत्र विभाजन;
- ग्राहकों का विभाजन;
- ग्राहकों से एक फ़िक्स की हुई या विशेष कीमत वसूलना;
- आपूर्तिकर्ताओं को एक फ़िक्स की हुई या विशेष कीमत का भुगतान करना;
- समान या एक जैसी छूटों, शर्तों या बिक्री की शर्तों का प्रस्ताव देना;
- डाउन-स्ट्रीम पुनर्विक्रेताओं के लिए एक फ़िक्स की हुई या विशेष पुनर्बिक्री कीमत लेना आवश्यक करना;
- किसी ग्राहक या आपूर्तिकर्ता विशेष का बहिष्कार करना; या
- कोई बोली विशेष कौन जीतेगा इस पर सहमत होना.

प्रतिस्पर्धी के साथ बात करने पर इनमें से कोई भी विषय आने पर, आपको बातचीत तुरंत रोक देनी चाहिए, अस्वीकृति जितनी संभव हो उतनी स्पष्ट करनी चाहिए, और इस स्थिति की रिपोर्ट तुरंत Teradata कानून विभाग को करनी चाहिए.

औद्योगिक संघों और ट्रेड शो में भाग लेना

औद्योगिक सम्मेलन, सभा और ट्रेड शो नेटवर्किंग और व्यवसाय विकास के बेहतरीन अवसर हो सकते हैं, लेकिन इससे कानूनी और नैतिक चुनौतियाँ भी खड़ी हो सकती हैं. इन कार्यक्रमों में भाग लेते समय अनुचित सांठ गांठ का आभास मात्र होने देने से बचने के लिए सावधान रहें. इनमें से किसी भी कार्यक्रम में यदि आपको प्रतिस्पर्धियों के बीच गैर-प्रतिस्पर्धी विषयों के संबंध में किसी भी औपचारिक या अनौपचारिक बातचीत के बारे में पता चलता है, तो क्षमा मांग कर वहाँ से हट जाएं और कानून विभाग से संपर्क करें.

ग्राहकों के साथ उचित रूप से व्यवहार

Teradata अपने अद्वितीय ग्राहक समर्पण और सेवा के लिए जाना जाता है. यह प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए हमें अपने ग्राहकों के साथ उचित रूप से व्यवहार करना आवश्यक है.

उचित प्रतिस्पर्धा कानून आमतौर पर Teradata को वह कंपनियां चुनने देते हैं जिनके साथ हम व्यवसाय करते हैं. लेकिन यह निर्णय स्वतंत्र रूप से लिए जाने चाहिए और कभी भी प्रतिस्पर्धियों की सहमति या सांठ गांठ में नहीं.

ग्राहकों के साथ उचित व्यवहार के भाग के रूप में और प्रतिस्पर्धा कानून और उचित व्यापार व्यवहार कानूनों के उल्लंघन से बचने के लिए हम कभी भी यह नहीं करते:

- अपने प्रतिस्पर्धी के उत्पादों या सेवाओं के बारे में झूठी, बेबुनियाद या गलत बातें करना या उनके उत्पादों और सेवाओं का हमारे उत्पादों और सेवाओं से झूठी और बेबुनियाद तुलना करना.
- ऐसा वचन देना या वादा करना जिसे पूरा करने की आपकी या Teradata की मंशा या क्षमता नहीं है.
- एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर रहे ग्राहकों को तुलना की जाने योग्य वस्तुएँ तुलनात्मक शर्तों पर महत्वपूर्ण रूप से भिन्न मूल्य, एक ही समय पर, एक ही मात्रा में, एक ही क्षेत्र में बेचना. प्रतिस्पर्धा कर रहे ग्राहकों के लिए मूल्यों में महत्वपूर्ण रूप से भिन्नता, जो उत्पादों/सेवाओं, समय, क्षेत्र, शर्तों, वॉल्यूम, पसंद में निष्पक्ष अंतरों के आधार पर न्यायोचित नहीं हैं, उनमें गैरकानूनी, प्रतिस्पर्धा-विरोधी मूल्य भेदभाव हो सकता है.

यदि ग्राहकों के साथ उचित व्यवहार के बारे में आपका कोई प्रश्न है, तो कार्रवाई करने से पहले कानून विभाग से सलाह लें.

बाज़ार की शक्ति का दुरूपयोग न करना

उचित प्रतिस्पर्धा कानून कंपनियों को उनकी बाज़ार शक्ति के आधार पर ऐसी कार्रवाइयाँ करने से प्रतिबंधित करते हैं, जो नवीनता और प्रतिस्पर्धा को हतोत्साहित करती हो. बाज़ार की शक्ति का दुरूपयोग करने से बचने के लिए, हमें निम्न कार्य नहीं करना चाहिए:

- प्रतिस्पर्धियों को बाज़ार से हटाने के उद्देश्य से अपना माल और सेवाएँ लागत से कम मूल्य पर बेचना.
- विशेष वस्तुओं और सेवाओं की खरीदारी अतिरिक्त आइटम्स की खरीदारी के साथ आवश्यक बनाना.
- ग्राहकों के साथ पारस्परिक सौदे करना, जिसमें यदि वे हमारे उत्पाद खरीदने का वादा करें तो हम उनके उत्पाद खरीदने का वादा करते हैं, जब तक कि कानूनी विभाग द्वारा पूर्व अनुमत न हो.
- कानून विभाग की पूर्व अनुमति के बिना अनन्य डीलिंग (अनन्यता) अनुबंध.

व्यावसायिक ज्ञान

प्रतिस्पर्धी की गतिविधियों के बारे सटीक जानकारी प्राप्त करना अनिवार्य हो और हो सकता है हमारे कार्य का हिस्सा हो. हम यह जानकारी नैतिक रूप से और वैध स्रोतों से प्राप्त करते हैं. इसमें सार्वजनिक रूप से उपलब्ध दस्तावेज़, समीक्षक, प्रकाशन और इंटरनेट शामिल है.

हो सकता है कि शायद हम गैरकानूनी तरीकों से जानकारी प्राप्त करके प्रतिस्पर्धी लाभ न पाएं. हमें कभी भी किसी भी तरीके से गोपनीय व्यावसायिक जानकारी या व्यापार भेद नहीं चुराना चाहिए-रिश्वत, जासूसी, झूठे दावों या अन्य गैरकानूनी या अनैतिक व्यवहार से. एक भाग में इसका अर्थ है कि आप अन्य लोगों से न पूछें और न ही उन्हें ऐसी कोई भी जानकारी साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें जिससे उनका अन्य कंपनी के साथ गोपनीयता के अनुबंध का उल्लंघन होता हो. यदि कोई आपको बिना आपके आग्रह के गोपनीय जानकारी भेजता है, तो आपको तुरंत Teradata कानूनी विभाग को सूचित करना चाहिए.

Teradata ईमानदारी और आक्रामकता से प्रतिस्पर्धा करता है, लेकिन कानूनी रूप से. यदि आप Teradata प्रतिस्पर्धी के पूर्व कर्मचारी हैं, तो Teradata में आपके कार्य के संबंध में अपने पुराने नियोक्ता की कोई भी गोपनीय जानकारी या व्यापार भेद प्रकट या उपयोग न करें. यदि आपका कोई सहकर्मी या प्रबंधक इस प्रकार की जानकारी साझा करने के लिए कहता है, तब भी नहीं.

नैतिकता और अनुपालन संपर्क और संसाधन

Teradata नैतिकता सहायता केंद्र

टेलीफ़ोन द्वारा टोल फ़्री 24-घंटे-प्रति-दिन **866-455-0993** पर (संयुक्त राज्य अमेरिका से बाहर के कॉलर AT&T Direct के माध्यम से टोल फ़्री कॉल कर सकते हैं) या **www.integrity-helpline.com/tdhelp.jsp** पर ऑनलाइन. आप संदिग्ध उल्लंघन सद्भावना से रिपोर्ट कर सकते हैं, या नैतिकता और अनुपालन चिंताएँ और प्रश्न उठा सकते हैं, आप ऐसा कई भाषाओं में कर सकते हैं, यदि आप चाहें तो अज्ञात और गोपनीय रह कर, जहां ऐसा करना कानूनन प्रतिबंधित न हो, बिना प्रतिशोध के डर के.

Teradata नैतिकता ईमेल इनबॉक्स

E&C@teradata.com पर ई-मेल द्वारा. आप संदिग्ध उल्लंघन सद्भावना से रिपोर्ट कर सकते हैं, नैतिकता और अनुपालन चिंताएँ और प्रश्न उठा सकते हैं, यदि आप चाहें तो गोपनीय रह कर और बिना प्रतिशोध के डर के.

Teradata कानूनी विभाग

मॉली ट्रीज़ (Molly Treese) को molly.treese@teradata.com पर ईमेल द्वारा, या आप Teradata कानून टीम के किसी अन्य सदस्य से संपर्क कर सकते हैं. Teradata के कर्मचारी **https://teradata.sharepoint.com/sites/LawHub/SitePages/The-Law-Team.aspx**पर स्थित कानून केंद्र (लॉ हब) पर कानूनी टीम के संपर्कों की सूची देख सकते हैं**.**

Teradata Certified Professional Program

गैरकानूनी या संदेहास्पद अध्ययन सामग्री के बारे में प्रश्न, संदिग्ध परीक्षण व्यवहार, प्रमाणपत्र शीर्षक प्रस्तुतिकरण और लोगो उपयोग के बारे में Teradata प्रमाणित पेशेवर कार्यक्रम से **TCPP.Security@teradata.com** पर ईमेल द्वारा.

Teradata आंतरिक ऑडिट

वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित मुद्दों के लिए उद्यम जोखिम एवं आश्वस्ति सेवाओं के उपाध्यक्ष माइक डिलोरेटी (Mike DiLoreti) को 678-577-5856 पर टेलीफोन द्वारा, **michael.diloreti@teradata.com** पर ई-मेल द्वारा, या 11695 Johns Creek Parkway, 4th Floor, Johns Creek, Georgia (USA) 30097 पर डाक द्वारा.

Teradata कॉर्पोरेट और IT सुरक्षा

भौतिक सुरक्षा या चोरी से संबंधित मुद्दों के लिए, वैश्विक Teradata कॉर्पोरेट सुरक्षा से **Teradata.SAFE@teradata.com** पर संपर्क करें.

Teradata की वैश्विक नीतियां

Teradata कर्मचारियों के पास **https://teradata.sharepoint.com/teams/policy** पर स्थित हमारी वैश्विक नीतियां वेबसाइट की पहुंच है, जहां संहिता में संदर्भित प्रत्येक नीति उपलब्ध है.

Teradata.com और अन्य ऑनलाइन संसाधन

Teradata.com Teradata की कॉर्पोरेट अभिशासन नीतियों और कार्यप्रथाओं के बारे में जानकारी देती है (**Teradata.com/About-Us/Corporate-Governance** देखें), और Teradata की अन्य कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं स्थिरता नीतियों, कार्यप्रथाओं, और पहलों के बारे में जानकारी देती है (**Teradata.com/About-Us/Corporate-Social-Responsibility** देखें). Teradata कर्मचारियों के पास **https://teradata.sharepoint.com/teams/EthicsandCompliance** पर उपलब्ध हमारी नैतिकता एवं अनुपालन शेयरपॉइंट साइट की भी पहुंच है, जिसमें संहिता में संदर्भित प्रत्येक टॉपिक के बारे में संदर्भ मार्गदर्शिकाएं, प्रशिक्षण वीडियो, और अन्य जानकारी उपलब्ध है.

17095 Via Del Campo, San Diego, CA 92127   Teradata.com

Teradata और Teradata लोगो संयुक्त राज्य और विश्वभर में Teradata Corporation और/या इसके सहयोगियों के पंजीकृत ट्रेडमार्क हैं. जब नई तकनीक और पुर्ज़े उपलब्ध होते हैं तो Teradata लगातार उत्पाद बेहतर बनाता जाता है. इसलिए बिना पूर्व सूचना के विनिर्देशों में बदलाव का अधिकार Teradata के पास सुरक्षित है. यहां वर्णित सभी सुविधाएँ, फ़ंक्शन और संचालन हो सकता है दुनिया के सभी भागों में विपणन न किए गए हों. अधिक जानकारी के लिए अपने Teradata प्रतिनिधि या Teradata.com की मदद लें.

© 2023 Teradata Corporation   सर्वाधिकार सुरक्षित.   U.S.A. में निर्मित.   01.21